सोमवार, 22 दिसम्बर 2025

मौसम

तापमान 17 – 26
आर्द्रता 72%
सूर्योदय: 06:12 सूर्यास्त: 16:57

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : रिश्तों को निभाने के लिए एक-दूसरे का तालमेल बेहद जरूरी है।




राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है कांग्रेस, अवैध प्रवासियों को असम में बसाना चाहती है: मोदी पृष्ठ 7

## सुंदरबन दुनिया का सबसे सुंदर क्षेत्र, बंगाल सरकार इसके विकास में विफल : भूपेंद्र यादव



### केंद्रीय वन मंत्री ने सुंदरबन में बाघ और हाथियों के संरक्षण के लिए आवंटित केंद्रीय निधि का अधिकांश हिस्सा उपयोग नहीं करने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यूनेस्को के विश्व विरासत स्थल में शामिल सुंदरबन दुनिया का सबसे सुंदर क्षेत्र है, लेकिन इसके विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार देने में वह अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रही है। बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन में 'प्रोजेक्ट हाथी' और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की 28वीं बैठक के बाद यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में सुंदरबन के विकास को लेकर राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां पर्यटन और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसके बावजूद इस स्थान का सही तरीके से प्रचार नहीं हो पाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में बंगाल के सुंदरबन में बाघ परियोजना के लिए 112 करोड़ रुपये और हाथियों के संरक्षण के लिए 344 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।

उन्होंने दावा किया कि लेकिन इस निधि का अधिकांश हिस्सा उपयोग में नहीं लाया गया। यादव ने कहा कि जहां सुंदरबन में हर साल महज करीब नौ से 9.5 लाख पर्यटक आते हैं, वहीं रणथंभौर बाघ अभयारण्य में सालाना 18-19 लाख पर्यटक पहुंचते हैं। मंत्री ने कहा कि करीब 2,500 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र में फैला सुंदरबन जैव विविधता से भरपूर है, जहां पक्षियों की 250 से अधिक प्रजातियों के अलावा बाघ (रायल बंगाल टाइगर), हिरण और मगरमच्छ जैसे वन्यजीव पाए जाते हैं। उन्होंने जोर दिया कि सुंदरबन में बड़े पैमाने पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और वन्य जीव संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। लेकिन राज्य सरकार की ओर से इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पारिस्थितिकी और विकास के बीच संतुलन बनाना जरूरी है और इस पर राज्य सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि सुंदरबन क्षेत्र में विकास की बजाय अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण और वन्य जीवों को नुकसान पहुंच रहा है।

**सुंदरबन के विकास के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध**

केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि बंगाल सरकार कदम उठाए या नहीं, लेकिन केंद्र सरकार सुंदरबन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सुंदरबन को दुनिया के सबसे सुंदर और संरक्षित क्षेत्रों में शामिल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। वन मंत्री ने आगे कहा कि देश में अब टाइगर रिजर्व की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। इन टाइगर रिजर्वों के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए उन्होंने एक पुस्तक भी जारी किया। साथ ही उन्होंने प्रोजेक्ट चीता बुकलेट भी जारी किया।

## रेलवे : 215 किमी से अधिक यात्रा पर किराया बढ़ा, नयी दरें 26 दिसंबर से प्रभावी होंगी

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए साधारण श्रेणी के टिकट में प्रति किलोमीटर एक पैसा और मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की गैर-वातानुकूलित श्रेणी व सभी ट्रेन की वातानुकूलित श्रेणियों में प्रति किलोमीटर दो पैसे की वृद्धि की जाएगी। नयी दरें 26 दिसंबर 2025 से प्रभावी होंगी। अधिकारियों ने कहा, उपनगरीय रेलगाड़ियों के मासिक सीजन टिकट और अन्य ट्रेन में 215 किलोमीटर तक की साधारण श्रेणी की यात्रा के किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि किराए में इस बढ़ोतरी से रेलवे को 31 मार्च 2026 तक करीब 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय के अनुसार, जुलाई 2025 में की गई किराया वृद्धि से अब तक लगभग 700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है।

# जो भारत की संस्कृति और मातृभूमि को मानता है, वह हिन्दू है : मोहन भागवत

### संघ किसी विरोध के लिए नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण और समाज संगठन के लिए है सक्रिय




**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि हिन्दू किसी एक पूजा पद्धति, खानपान या वेशभूषा का नाम नहीं है। हिन्दू कोई धर्म या मजहब नहीं, बल्कि एक स्वभाव है। जो इस भूमि की संस्कृति और मातृभूमि को मानता है, वह हिन्दू है। विविधता में एकता खोजने का विचार सनातन है और यही हिन्दू स्वभाव की पहचान है। डॉ. मोहन भागवत ने कोलकाता में अपने व्याख्यान के दौरान संघ की स्थापना, उद्देश्य और कार्यपद्धति को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि लोग संघ का नाम तो जानते हैं, लेकिन उसके काम को ठीक से नहीं जानते। संघ के कई हितैषियों में भी सही जानकारी का अभाव है। सरसंघचालक ने रविवार को कहा कि संघ को लेकर जो राय बनती है, वह अक्सर तीसरे स्रोत से फैलाए गए गलत नैरेटिव पर आधारित होती है। संघ का प्रयास है कि उसके बारे में लोगों की समझ वस्तुस्थिति के आधार पर बने, न कि अफवाहों और भ्रांतियों पर। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं चला और न ही किसी प्रतिक्रिया में इसकी शुरुआत हुई। संघ की स्थापना इसलिए हुई ताकि विश्व भर में भारत की जयजयकार हो और विश्वगुरु बनने वाले भारत का समाज उस स्तर पर खड़ा हो सके। डॉ. भागवत ने कहा कि संघ विशुद्ध रूप से हिन्दू समाज के संगठन के लिए शुरू हुआ। इसका अर्थ किसी अन्य के विरोध से नहीं है। उन्होंने श्री गुरुजी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि दुनिया में एक भी ईसाई या मुसलमान न होता, तब भी हिन्दू समाज के संगठन की आवश्यकता रहती, क्योंकि समाज भीतर से कटा-बंटा है। सरसंघचालक ने कहा कि 1857 की क्रांति की असफलता के बाद यह सवाल खड़ा हुआ कि कुशल योद्धा और बुद्धिमान होने के बावजूद भारत पर मुट्ठी भर अंग्रेज़ कैसे शासन कर सके। उस समय यह भी स्पष्ट हुआ कि केवल स्वतंत्रता नहीं, बल्कि समाज सुधार अधिक आवश्यक है। रूढ़ियों और कुरीतियों के साथ-साथ आत्मविस्मृति भी हमारी कमजोरी बनी। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को अपनी पहचान याद दिलाने का काम प्रमुख रूप से स्वामी विवेकानंद और महर्षि दयानंद ने किया। इसी कालखंड में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का व्यक्तित्व उभरा, जो जन्मजात देशभक्त थे। डॉ. भागवत ने बताया कि डॉ. हेडगेवार के माता-पिता का निधन उनके 11 वर्ष की आयु में प्लेग रोगियों की सेवा करते हुए हो गया था। इसके बाद उन्होंने अत्यंत निर्धनता में जीवन बिताया, लेकिन मेधावी रहे और पढ़ाई में हमेशा आगे रहे। माता काली के समक्ष ली गई प्रतिज्ञा के अनुसार वे आजीवन भारत माता की सेवा में लगे रहे।

## 125 दिन के रोज़गार की गारंटी आई



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'विकसित भारत – जी राम जी विधेयक, 2025' को मंजूरी दी, अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को 'विकसित भारत -जी राम जी' विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ ही यह अब 'विकसित भारत -जी राम जी' अधिनियम, 2025 बन गया है और इस संबंध में एक अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक बयान में इसे भारत के ग्रामीण रोजगार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार बताया है। विपक्ष के विरोध के बीच संसद ने वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को पारित किया था। इसका उद्देश्य मौजूदा ग्रामीण रोजगार कानून 'मनरेगा' को प्रतिस्थापित करना है और प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वित्त वर्ष 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करना है। सरकार के अनुसार, इस नयी योजना का लक्ष्य 'विकसित भारत-2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। मंत्रालय ने कहा कि 125 दिनों का रोजगार प्रदान करने के अलावा, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार देकर बुवाई और कटाई के समय के दौरान कृषि श्रमिकों की पर्याप्त उपलब्धता को भी सुगम बनाता है।

### राष्ट्रपति ने 'शांति' विधेयक को मंजूरी दी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किये गए 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक' को मंजूरी दे दी। सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने शनिवार को शांति विधेयक को मंजूरी दी। यह विधेयक नागरिक परमाणु क्षेत्र से संबंधित सभी कानूनों को समाहित करता है और साथ ही इसे निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए भी खोलता है। शांति विधेयक ने परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 को निरस्त कर दिया। यह निजी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों को सरकार से लाइसेंस प्राप्त करके परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण, स्वामित्व, संचालन करने में सक्षम बनाता है।






## जिम्मेदार व्यवहार रोकेगा रोड एक्सीडेंट

लोकसभा में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का वह बयान तार्किक ही है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं मानवीय व्यवहार से जुड़ी हैं। निश्चय ही यदि वाहन चालकों को सड़क व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाए और हम जिम्मेदारी-सावधानी से वाहन चलाएं तो हर साल हजारों जिंदगियां बचायी जा सकती हैं। भारत में दुनिया के विकसित देशों के मुकाबले कम वाहन सड़कों पर दौड़ते हैं, लेकिन सड़क हादसों के मामले में हम अव्वल हैं। विडंबना देखिए कि एक साल में देश के भीतर करीब पांच लाख सड़क हादसे दर्ज किए जाते हैं। बड़ी संख्या उन हादसों की भी है जो छोटे शहरों व भीतरी इलाकों में होते तो हैं, लेकिन दर्ज नहीं होते। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश में हर साल करीब 1.8 लाख लोग इन हादसों में मारे जाते हैं। लाखों लोग इन हादसों में घायल होते हैं। हजारों लोग ऐसे भी होते हैं जो हादसों के बाद जीवनपर्यंत सामान्य जीवन नहीं जी पाते हैं। दुखद स्थिति यह भी है कि मरने वालों में सर्वाधिक संख्या युवाओं की होती है। एक आंकड़े के अनुसार मरने वालों में 66 फीसदी लोग 18 से 34 साल के बीच होते हैं। जो अपने परिवार के कमाने वाले व्यक्ति होते हैं। फलत: हादसे के बाद कई परिवार गरीबी के दलदल में धंस जाते हैं। दरअसल, सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना भी है। सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि ओवर स्पीडिंग से 68 फीसदी से अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। वहीं निर्धारित स्पीड से अधिक तेजी से वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के चलते ही 68 फीसदी मौतें भी होती हैं। निश्चित रूप से ये हादसे व मौतें मानवीय व्यवहार की कमजोरी से जुड़े हैं। जहां देश में राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे का तेजी से विस्तार हुआ है तो बेहतर सड़कों में वाहन चालकों की गति अनियंत्रित हो चली है। जो कालांतर सड़क हादसों की वजह बनती है।

यह विडंबना है कि हम अकसर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं। आज की युवा पीढ़ी हेलमेट पहनने से परहेज करती है। यह जानते हुए कि हादसों में सिर की चोट जानलेवा बन जाती है। सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में हेलमेट न लगाने के कारण 54,568 लोगों की मौत हुई। वहीं सीट बेल्ट न लगाने से 16 हजार से अधिक यात्रियों की जान गई। इन हादसों की एक बड़ी वजह ऐसे अकुशल चालकों का होना भी था, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं था। आंकड़ों के अनुसार दुर्घटनाओं के लिये जिम्मेदार चालकों में 33,827 ऐसे थे जिनके पास लाइसेंस नहीं थे। देश में बड़ी संख्या ऐसे चालकों की होती है, जो मेडिकली फिट नहीं होते। इसके अलावा जुगाड़ से ले-देकर लाइसेंस बनाने वालों की भी कमी नहीं है। वे वाहन चलाने की पर्याप्त योग्यता व अनुभव के बिना ही चालक बन बैठते हैं। हाल के वर्षों में नशे की हालात में वाहन चलाने का फैशन भी बना है। कई हादसों के बाद खुलासा हुआ कि फलां चालक नशे में धुत था। हालांकि, महानगरों व शहरों में नाका लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पकड़-धकड़ की जाती है। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर ऐसी जांच बड़े पैमाने पर होती नजर नहीं आती। वहीं ऐसे चालकों की भी कमी नहीं है, जो फोन पर बात करते हुए वाहन चलाते हैं। जिससे लगातार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। निश्चित रूप से फोन पर बातचीत करता व्यक्ति भावावेश में उद्वेलित हो सकता है, जिससे वाहन चलाने की गुणवत्ता बाधित होती है। वाहन को सुरक्षित ढंग से चलाना भी एक कला है। चालक का मानसिक रूप से शांत होना भी जरूरी है। हाल के दिनों में सड़कों की बेहतर स्थितियों में लोगों में रात में सफर करने का रुझान बढ़ा है। गाहे-बगाहे चालक को झपकी लगने पर दुर्घटना होने के समाचार अकसर सुनने में आते हैं। निश्चित रूप से सड़क हादसों के मूल में तकनीकी कारण और सड़कों के डिजाइन व गुणवत्ता की भी भूमिका होती है। लेकिन हमारी नियंत्रित गति, सावधानी व सजगता दुर्घटनाएं टाल भी सकती है।

# जंगल से जुड़ती सड़कें: प्रगति और संरक्षण का मध्य प्रदेश मॉडल



प्रो. आरके जैन

भारत के हृदय में बसा मध्य प्रदेश आज विकास और संरक्षण के अद्भुत संतुलन की मिसाल बनकर उभर रहा है। यह वही भूमि है जिसे 'टाइगर स्टेट' के रूप में जाना जाता है, और जो अब बाघों के प्राचीन वन-पथों को सुरक्षित रखने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठा रही है। यहां सड़कें केवल मनुष्यों की यात्रा का साधन नहीं रहीं, बल्कि जंगल के राजा को निर्बाध और सुरक्षित आवागमन का भरोसा भी देती हैं। देश का पहला राज्य-स्तरीय मल्टी-नेशनल पार्क टाइगर कॉरिडोर और भारत का पहला वन्यजीव-सुरक्षित राजमार्ग इस सोच को साकार करते हैं। ये पहलें केवल बढ़ती बाघ आबादी के संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि उस दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतीक हैं जहां विकास और प्रकृति साथ-साथ चलते हैं, और इंसान व जंगल एक-दूसरे के सहयात्री बनते हैं।

मध्य प्रदेश में बाघों की दुनिया सदैव सशक्त और जीवंत रही है। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच और पन्ना जैसे टाइगर रिजर्व राज्य की पहचान और गौरव हैं। लेकिन जैसे-जैसे बाघों की संख्या बढ़ी-2022 की गणना में 785 बाघों के साथ राज्य देश में शीर्ष पर रहा-वैसे-वैसे उनके सुरक्षित आवागमन की आवश्यकता और भी गंभीर हो गई। जंगल खंडों में बंट चुके हैं और राजमार्ग उन्हें चीरते हुए गुजरते हैं। ऐसे में हाल ही में घोषित टाइगर कॉरिडोर एक ऐतिहासिक पहल बनकर सामने आया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अगस्त 2025 में 961 किलोमीटर लंबे चार-लेन कॉरिडोर की घोषणा की, जो कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच को आपस में जोड़ेगा। 5,500 करोड़ रुपये की यह परियोजना न केवल पर्यटन को नई ऊंचाई देगी, बल्कि सुबह कान्हा और शाम बांधवगढ़ में सफारी का सपना भी साकार करेगी।

लेकिन यह कॉरिडोर महज़ एक सड़क नहीं, बल्कि वन्यजीवन की जीवनरेखा है। दिसंबर 2025 में सार्वजनिक कार्य विभाग मंत्री राकेश सिंह ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य-स्तरीय टाइगर कॉरिडोर विकसित कर रहा है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और पीडब्ल्यूडी के सहयोग से बनेगा। इसमें वन क्षेत्रों में अंडरपास, धीमी गति वाले जोन और वन्यजीव-सुरक्षित डिजाइन शामिल होंगे। यह मल्टी-नेशनल पार्क कॉरिडोर बाघों की गति, पर्यटन और स्थानीय कनेक्टिविटी के बीच संतुलन साधेगा। इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और गांवों तक पहुंच सुगम बनेगी। यह गलियारा केवल बाघों के लिए नहीं, बल्कि हिरण, सांभर, जंगली सूअर और अन्य प्रजातियों के लिए भी सुरक्षित मार्ग बनेगा।

इसी दिशा में एनएच-45 पर विकसित भारत का पहला वन्यजीव-सुरक्षित राजमार्ग एक अनूठा प्रयोग है। भोपाल-जबलपुर को जोड़ने वाली इस सड़क का 12 किलोमीटर

**इको-हाईवे से इको-भविष्य तक: बाघों के साथ चलता भारत**

**प्रकृति के साथ प्रगतिः भारत का पहला वन्यजीव-सुरक्षित राजमार्ग**

लंबा हिरन-सिंदूर खंड नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर गुजरता है। यहां 122 करोड़ रुपये की लागत से टेबल-टॉप लाल रोड मार्किंग्स लगाई गई हैं-जो भारत में पहली बार हैं। ये लाल पट्टियां ऊंची नहीं हैं, लेकिन इतनी उभरी हुई हैं कि वाहन स्वाभाविक रूप से धीमे हो जाते हैं। लाल रंग का चयन सोच-समझकर किया गया, क्योंकि यह तुरंत ध्यान आकर्षित करता है और चालकों को चेतावनी देता है कि वे वन्यजीव क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। पारंपरिक स्पीड ब्रेकरों की तरह झटका नहीं लगता, बल्कि गति सहज रूप से नियंत्रित हो जाती है।

इसके साथ 25 वन्यजीव अंडरपास बनाए गए हैं, जिनसे जानवर सड़क के नीचे से सुरक्षित आवागमन कर सकें। दोनों ओर आठ फीट ऊंची लोहे की बाड़ लगाई गई है, जो उन्हें स्वाभाविक रूप से अंडरपास की दिशा में मार्गदर्शित करती है। छोटे पुलों पर लगाए गए कैमरे वन्यजीवों की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखते हैं। मध्य प्रदेश में पशु-वाहन टक्करें एक बड़ी समस्या रही हैं-पिछले दो वर्षों में ऐसे 237 मामले दर्ज हुए, जिनमें 94 मौतें हुईं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि ऐसी पहल कितनी अनिवार्य थी। ग्रीन हाईवे पॉलिसी 2015 के तहत यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो इसे देशभर के जंगली राजमार्गों पर लागू किया जा सकता है।

ये पहलें केवल इंजीनियरिंग की उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सोच का परिवर्तन हैं। जहां कभी विकास और संरक्षण आमने-सामने खड़े दिखते थे, आज वे एक-दूसरे के सहायक बनते नजर आ रहे हैं। बाघों की बढ़ती संख्या-जो अब 3,682 तक पहुंच चुकी है और विश्व की 75% आबादी का प्रतिनिधित्व करती है-इस बात का प्रमाण है कि 1973 से चला आ रहा प्रोजेक्ट टाइगर सफल रहा है। फिर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। केवल 2025 में ही राज्य में 54 बाघों की मौत हुई, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। क्षेत्रीय संघर्ष, अवैध शिकार और कभी-कभी खनन परियोजनाएं अब भी खतरा बनी हुई हैं। इसके बावजूद, ये नए कॉरिडोर और सुरक्षित सड़कें भविष्य के प्रति आशा जगाती हैं।

स्थानीय समुदायों की भागीदारी इस प्रयास को और भी अर्थपूर्ण बनाती है। इको-टूरिज्म से रोजगार के अवसर सृजित होंगे और गांववाले ग्रीन कॉरिडोर के संरक्षक बनेंगे। बच्चे स्कूल जाते हुए लाल सड़क पर देखेंगे कि इंसान किस तरह जंगल के साथ सहअस्तित्व सीख रहा है। एक बाघ का सुरक्षित गुजरना केवल उसकी जान नहीं बचाता, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करता है-क्योंकि जहां बाघ होते हैं, वहां जंगल जीवित रहते हैं।

यह कहानी केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत की है। यहां लाल रंग की सड़कें अब खतरे का नहीं, बल्कि जीवन का संकेत बन रही हैं। यहां टाइगर कॉरिडोर बाघों को नहीं, हमें यह याद दिलाता है कि हम प्रकृति के स्वामी नहीं, उसके मेहमान हैं। यदि इन पहलों को आगे बढ़ाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां न केवल बाघों की दहाड़ सुनेंगी, बल्कि एक संतुलित और स्वस्थ दुनिया में सांस भी लेंगी। यह एक नई शुरुआत है-जंगल और सड़क का अनोखा संगम, जहां विकास की गति प्रकृति के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है।

# कागज के खाली पन्नों से विश्व मंच तक: रामानुजन की अद्भुत कहानी



योगेश कुमार गोयल

**राष्ट्रीय गणित दिवस पर विशेष**

भारत में प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय गणित की गौरवशाली परंपरा और विश्वविख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। यह केवल एक स्मृति-दिवस नहीं बल्कि गणित जैसे बौद्धिक अनुशासन के प्रति समाज में सम्मान, जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टि को सुदृढ़ करने का राष्ट्रीय प्रयास है। राष्ट्रीय गणित दिवस की औपचारिक घोषणा वर्ष 2012 में रामानुजन की 125वीं जयंती के अवसर पर की गई थी। चेन्नई में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे विलक्षण प्रतिभावान और गूढ़ ज्ञान से युक्त व्यक्तित्वों का जन्म समाज में बहुत कम होता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि रामानुजन की प्रतिभा न केवल गणित के क्षेत्र में बल्कि मानव बौद्धिक क्षमता की सीमाओं को समझने में भी एक प्रेरक उदाहरण है। उसी अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि रामानुजन के जन्मदिवस को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के रूप में मनाया जाएगा ताकि देश की युवा पीढ़ी गणित से भय के बजाय आकर्षण और नवाचार का संबंध विकसित कर सके। इस दिवस का उद्देश्य गणितीय सोच को बढ़ावा देना, अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और यह संदेश देना है कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि विज्ञान, तकनीक और राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे।

एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। बहरहाल, राष्ट्रीय गणित दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सीमित संसाधनों और औपचारिक प्रशिक्षण के अभाव में भी भारतीय प्रतिभा विश्व को नई दिशा दे सकती है, जैसा कि रामानुजन ने अपने जीवन और कार्य से सिद्ध किया।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 दिसम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष द्वितीया, 10:50 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 29:23 तक, योग : ध्रुव, 16:34 तक, सूर्योदय: 06:12, सूर्यास्त: 16:57, चन्द्रोदय : 08:01, चन्द्रास्त: 18:55, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 07:36 से 08:55

## राशिफल

**मेष :** राशि का स्वामी मंगल व सूर्य दोनों नवम भाग्य सांसारिक सुख भाव में संचार कर रहे हैं। फल स्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

**वृष :** राशि का स्वामी षष्ठम राशि का होने से शत्रु भाव में हो गया है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाये जा सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध षष्ठम राज्य पराक्रम भाव प्रमुख कर्म केन्द्र में चन्द्रमा के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है।

**कर्क :** आज शुभ कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से प्रफुल्लित रहेंगे।

**सिंह :** आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

**कन्या :** मकर राशि का चन्द्रमा आपके सामने ढ़ेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

**तुला :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वितीय भाव में और आज गुरु भी मिथुन का मार्गी नवम ही है। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा।

**वृश्चिक :** आपकी राशि से नवम बृहस्पति पंचम शनि से आज का दिन चुनौती पूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है।

**धनु :** राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन में है। चन्द्रमा आज मकर राशि द्वितीय भाव में संचार कर रहा है। रात्रि में शुभ व्यय-मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर :** राशि का स्वामी शनि यद्यपि तृतीय भाव में मार्गी है किन्तु चन्द्रमा जो दैनिक जीवन का बीज है, प्रथम भाव में राज्य विजय कारक है। आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी।

**कुम्भ :** राशि का स्वामी शनि द्वितीय कोष केंद्र भाव में स्वतंत्र रूप से संचार कर रहा है। कर्म फल की सिद्धि कारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग है।

**मीन :** आपकी राशि का स्वामी देव गुरु बृहस्पति राशि से चतुर्थ भाव में मिथुन राशि का होकर विद्यमान है। चन्द्रमा भी दशम केन्द्र लक्ष्मी भवन में चल रहा है। विरोध पक्ष पराजित होगा।

## विदेश की खबरें

### बांग्लादेश में हिंदू व्यक्ति की हत्या मामले में दो और गिरफ्तार, अब तक 12 पकड़े गए

**ढाका/नयी दिल्ली :** बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में रविवार को दो और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी मीडिया की एक खबर से मिली। 'डेली स्टार' समाचारपत्र ने पुलिस और रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के सूत्रों के हवाले से बताया कि हालिया गिरफ्तारियों के साथ ही, हत्या में संलिप्तता के आरोप में अब तक 12 लोगों को पकड़ा गया है। कारखाने में श्रमिक के तौर पर कार्यरत दास को बृहस्पतिवार को पहले एक भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों में पीटकर मार डाला था और उसके शव को मैमेनसिंह में आग लगा दी थी। पुलिस के अनुसार, दास को पहले कारखाने के बाहर भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों पर पीटा और फिर पेड़ से लटका दिया। इसके बाद भीड़ ने मृतक के शव को ढाका-मैमेनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़ दिया और बाद में उसमें आग लगा दी। पुलिस ने शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए मैमेनसिंह मेडिकल कॉलेज के शवगृह भेज दिया। पीड़ित के भाई अपू चंद्र दास ने शुक्रवार को भालुका पुलिस थाने में 140-150 अज्ञात लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज कराया। आरोप है कि दास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा था जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची थी। हालांकि, मैमेनसिंह में आरएबी-14 के कंपनी कमांडर मोहम्मद शम्सुज्जमान ने शनिवार को 'द डेली स्टार' को बताया कि ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे यह संकेत मिले कि दास ने सोशल मीडिया पर ऐसा कुछ पोस्ट किया था जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय लोग या कपड़ा कारखाने के अन्य कर्मचारी भी ऐसी किसी गतिविधि की ओर इशारा नहीं कर सके। शम्सुज्जमान ने कहा, 'अब हर कोई कह रहा है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उसे ऐसा कुछ कहते हुए नहीं सुना। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं मिला है जिसने धर्म को ठेस पहुंचाने वाली कोई बात सुनी या देखी हो।' उन्होंने कहा, जब स्थिति तनावपूर्ण हो गई, तो कारखाने की सुरक्षा के लिए दास को जबरन कारखाने से बाहर निकाल दिया गया। अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि नये बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

### बांग्लादेश के चटगांव में भारतीय वीजा आवेदन प्रक्रिया अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

**ढाका :** भारत ने रविवार को बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र में वीजा सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दीं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। यह कदम प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बढ़े तनाव के मद्देनजर उठाया गया है।

उनकी मौत के बाद बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। इसी दौरान चटगांव में सहायक भारतीय उच्चायुक्त के आवास पर बृहस्पतिवार को पथराव की घटना भी हुई। नकाबपोश बंदूकधारियों ने 12 दिसंबर को मध्य ढाका के विजयनगर क्षेत्र में इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी के सिर में उस समय गोली मार दी थी, जब वह चुनाव प्रचार कर रहे थे। बाद में सिंगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन के प्रमुख नेता रहे हादी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों के लिए उम्मीदवार थे। इन विरोध प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने एक बयान में कहा कि चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायोग में हाल में हुई घटना के कारण आईवीएसी में सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। आईवीएसी के अनुसार, बंदरगाह शहर में भारतीय वीजा संबंधी सभी सेवाएं 21 दिसंबर से अगले आदेश तक बंद रहेंगी। बयान में कहा गया कि सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद वीजा आवेदन केंद्र को फिर से खोलने के संबंध में आगे की घोषणा की जाएगी। बांग्लादेश के सिलहट में भारतीय सहायक उच्चायोग कार्यालय और वीजा आवेदन केंद्र पर शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। आईवीएसी ढाका, खुलना और राजशाही, चटगांव और सिलहट में केंद्र संचालित करता है। आईवीएसी के एक अधिकारी ने बताया कि चार अन्य कार्यालय चालू हैं। भारत ने बृहस्पतिवार को ढाका में अपने वीजा आवेदन केंद्र को फिर से खोल दिया। सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण एक दिन पहले इसे बंद कर दिया गया था। लेकिन राजशाही और खुलना में दो अन्य केंद्रों को संक्षिप्त अवधि के लिए बंद कर दिया गया, क्योंकि भारत विरोधी प्रदर्शनकारियों ने वहां भारतीय दूतावासों की ओर मार्च करने का प्रयास किया था।

## वर्ग पहेली नं. 3299

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | | ■ | 12 | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | ■ |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | 19 | 20 |
| 21 | ■ | ■ | 22 | | | ■ | 23 | | |
| 24 | | 25 | | ■ | 26 | | | ■ | |
| | ■ | 27 | | 28 | ■ | ■ | 29 | | |
| 30 | | ■ | 31 | | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) जल्दी-जल्दी खाना, 4) कोशिश, 7) ब्योरा, 9) बीचवाली उँगली, 10) दयनीय अवस्था, 12) नाटक का एक खंड, 13) मृत्युदेवता, 14) दशा, 15) निपुणता, 17) बेरहम, 18) पुल्लिंगीय सजीव, 19) सेवक, 22) अनुसार, 23) संसदभवन, 24) आसक्ति, 26) एक तरल माप एकक, 27) सुरती, 29) जकड़ना, 30) निकृष्ट, 31) मीनाक्षी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) आपका, 2) सूर्य, 3) डोंगा, 4) शपथ, 5) बराबरी का, 6) समापन, 8) बिना, 11) लवण, 12) बीच में, 14) कहा-सुनी, 16) संख्या, 18) जाली, 20) फर्राटे से, 21) प्रभावहीन, 23) आगे बढ़ना, 25) रहस्य, 28) ख़ैरात.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ट | ■ | आ | त्म | ह | त्या | ■ | च | क्र |
| न | ■ | पा | रा | ■ | वा | ■ | फि | र | ■ |
| च | तु | र्थ | ■ | प्र | ला | प | ■ | ख़ा | स |
| क्र | ■ | ■ | बे | वा | ■ | न | शा | ■ | म |
| र | ह | न | स | ह | न | ■ | य | था | र्थ |
| ■ | स्त | व | न | ■ | र | सी | द | ■ | ■ |
| सा | ग | ■ | ■ | प | क | ना | ■ | उ | मा |
| म | त | ला | ह | ट | ■ | ज़ो | र | दा | र |
| ने | ■ | मा | या | ■ | बो | री | ■ | सी | ना |

## सुडोकू-पहेली-3257

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 3 | | | | | | |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 8 | | 4 |
| | 8 | 7 | | | | | 9 | |
| 1 | | | | 4 | | 3 | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | | 1 | | | 7 | | 2 | |
| | 7 | | | 2 | | | 4 | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3256 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 |
| 9 | 7 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 3 |
| 4 | 1 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 | 6 |

# अशांति और बांग्लादेश से घुसपैठ का पश्चिम बंगाल पर असर पड़ रहा : मोहन भागवत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने रविवार को कहा कि अशांति और बांग्लादेश से घुसपैठ का पश्चिम बंगाल पर असर पड़ रहा है और उन्होंने जोर देकर कहा कि इन मुद्दों को केंद्र सरकार को ही उठाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के राज्य में 'बढ़ते इस्लामी कट्टरवाद' से संबंधित प्रश्न के उत्तर में भगवत ने कहा कि यह सरकार को तय करना है कि बांग्लादेश से भारत में किसे आने दिया जाए। इस पर नियंत्रण होना चाहिए कि किसे आने की अनुमति दी जाएगी। पड़ोसी देश में हिंदुओं को अल्पसंख्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें खुद की अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एकजुट रहना होगा। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हम लोगों समेत दुनिया भर के सभी हिंदुओं को उनकी मदद करनी होगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर भारत सरकार को कुछ करना होगा। भागवत ने कहा कि हो सकता है कि वे पहले से ही कुछ कर रहे हों, लेकिन उनका खुलासा नहीं किया जा सकता। पश्चिम बंगाल के बारे में उन्होंने कहा कि अगर सभी हिंदू एकजुट हो जाएं, तो राज्य की स्थिति बदलने में समय नहीं लगेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आरएसएस का ध्यान सामाजिक परिवर्तन पर है, न कि राजनीतिक परिवर्तन पर। धार्मिक विवादों पर टिप्पणी करते हुए भागवत ने अयोध्या मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि अदालतों ने लंबी सुनवाई के बाद राम मंदिर और बाबरी मस्जिद विवाद का फैसला सुना दिया है, जिससे मामला समाप्त हो गया है। अब बाबरी मस्जिद का दोबारा निर्माण करने की कोशिश वोटों के लिए संघर्ष को फिर से शुरू करने की एक राजनीतिक साजिश है। भागवत ने कहा कि यह न तो मुसलमानों के हित में है और न ही हिंदुओं के हित में। ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन धर्म कायम रहता है। इसलिए किसी भी सरकार को किसी भी धार्मिक इमारत के निर्माण में शामिल नहीं होना चाहिए।




## गायिका लग्नजिता चक्रवर्ती के साथ कार्यक्रम में उत्पीड़न, आयोजक गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** बंगाली गायिका लग्नजिता चक्रवर्ती ने आरोप लगाया है कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक निजी स्कूल में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रताड़ित किया गया। घटना के बाद कार्यक्रम के आयोजकों में से एक को गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गायिका की शिकायत के बाद मुख्य आरोपी महबूब मलिक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। महबूब मलिक उस स्कूल का सह-मालिक है जहां यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। लग्नजिता ने दावा किया कि यह घटना शनिवार की शाम को भगवानपुर स्थित स्कूल में एक



सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां वह प्रस्तुति दे रही थीं। उन्होंने कहा कि कई गीत गाने के बाद, मैंने फिल्म 'देवी चौधरानी' का गाना 'जागो मां' गाना शुरू किया। उसी समय, आयोजकों में से एक महबूब मलिक ने आपत्ति जताई और कहा कि केवल 'धर्मनिरपेक्ष गाने' ही गाए जाने चाहिए। गायिका ने कहा कि मैंने प्रस्तुति रोक दी और मंच से नीचे उतर आई। इस घटना के बाद, लग्नजिता चक्रवर्ती ने भगवानपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पूर्व मेदिनीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मिथुन दे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

इस घटना के बाद भगवानपुर थाने के प्रभारी अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है, क्योंकि आरोप है कि गायिका और उनकी टीम को शुरू में प्राथमिकी दर्ज करने से हतोत्साहित किया गया था। मिथुन देने कहा कि अगर कोई लापरवाही पाई जाती है, तो उचित कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ, इस घटना पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आई हैं।

## गार्डनरीच बहुमंजिला हादसे का मुख्य आरोपी अबू धाबी में छिपा, इंटरपोल का 'येलो कॉर्नर नोटिस' जारी

**कोलकाता :** गार्डनरीच बहुमंजिला हादसे को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले का मुख्य आरोपी मोहम्मद शाहनवाज़ पहचान छिपाकर संयुक्त अरब अमीरात में शरण लिए हुए है। जिस जमीन पर यह अवैध बहुमंजिला इमारत बन रही थी, वह शाहनवाज़ की ही बताई जा रही है। आरोपी की तलाश तेज करते हुए लालबाज़ार ने पूरे मामले की जानकारी कोलकाता नगर निगम को दी है और उसे भारत वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बताया जा रहा है कि शाहनवाज़ के खिलाफ इंटरपोल का 'येलो कॉर्नर नोटिस' भी जारी कर दिया गया है।



गौरतलब है कि 17 मार्च 2024 की देर रात गार्डनरीच इलाके में एक अवैध रूप से निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत अचानक ढह गई थी। मलबा पास की बस्ती पर गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की भूमिका पर रिपोर्ट तलब की थी, जबकि कोलकाता नगर निगम ने अलग से जांच शुरू की थी।

हादसे के बाद से ही भूमि मालिक और प्रमुख आरोपी शाहनवाज़ फरार था। शहर और आसपास के इलाकों में कई जगहों पर छापेमारी के बावजूद जांचकर्ताओं को उसका कोई सुराग नहीं मिला। अब सामने आई जानकारी के मुताबिक, वह पहले कुछ समय तक शहर और उपनगरों में अलग-अलग ठिकानों पर छिपा रहा, फिर मौका पाकर यूएई रवाना हो गया। बताया जाता है कि काम के सिलसिले में उसका अबू धाबी और दुबई आना-जाना पहले से था और वहां उसके कुछ परिचित भी हैं। इसी कारण वह वहां आसानी से टिक पाया, हालांकि वह नाम-पहचान छिपाकर रह रहा है।

प्रशासन का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं और जांच आगे बढ़ रही है।

# अब बंगाल में एक-क्लिक में डाउनलोड होगा निवास प्रमाण पत्र!

**कोलकाता :** वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट के जारी हुए लगभग तीन दिन बीते हैं। वोटर लिस्ट के स्पेशल रिवीजन प्रोग्राम की सुनवाई का दौर 23 दिसंबर से पूरे राज्य में शुरू होने जा रहा है। जिन लोगों के नाम पर सवाल उठे हैं या जिन्हें नोटिस मिले हैं, उन्हें अपने डॉक्यूमेंट्स के साथ पेश होकर खुद को वैलिड भारतीय वोटर साबित करना होगा। नेशनल इलेक्शन कमीशन के नियमों के मुताबिक, वोटिंग राइट्स के सबूत के तौर पर माने जाने वाले 13 डॉक्यूमेंट्स या सर्टिफिकेट्स में से एक हाउस अलॉटमेंट सर्टिफिकेट या 'हाउस अलॉटमेंट सर्टिफिकेट' भी है, जो वोटिंग राइट्स के सबूत के तौर पर माने जाने वाले 13 डॉक्यूमेंट्स या सर्टिफिकेट्स में से एक है। वोटर लिस्ट की सुनवाई से पहले राज्य सरकार ने आम लोगों को राहत देते



हुए यह सर्टिफिकेट पाने का प्रोसेस बहुत आसान कर दिया है। अब से यह सर्टिफिकेट एक क्लिक पर डाउनलोड किया जा सकेगा, बिना सरकारी ऑफिस का चक्कर लगाये ही यह काम हो सकेगा। राज्य पंचायत ऑफिस के सूत्रों के मुताबिक, यह खास टेक्नोलॉजिकल पहल इसलिए की गई है ताकि सुनवाई के दौरान डॉक्यूमेंट्स जमा करने में आम लोगों को परेशानी न हो। शुक्रवार को पंचायत ऑफिस की अपनी वेबसाइट (िवि्ल.सीं.ळप) पर एक खास 'लिंक' लॉन्च किया गया। एक बार जब कंज्यूमर अपने फोन नंबर से रजिस्टर कर लेंगे, तो ओटीपी के ज़रिए वेरिफिकेशन प्रोसेस पूरा हो जाएगा। उसके बाद, नाम और पते का मिलान करके तुरंत रेजिडेंस सर्टिफिकेट डाउनलोड किया जा सकेगा।

नवान्न इस डिजिटल सर्टिफिकेट की क्रेडिबिलिटी पर भी कड़ी नजर रख रहा है ताकि इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों को कोई सवाल न हो। एडमिनिस्ट्रेटिव सूत्रों का दावा है कि इस सर्टिफिकेट में एक खास 'क्यू आर कोड' है। सुनवाई के दौरान, संबंधित इआरओ (इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर) या इअ-ारओएस उस कोड को स्कैन करके सरकारी डेटाबेस से मैच कर पाएंगे। नतीजतन, यह दावा किया जा रहा है कि इस सर्टिफिकेट की न केवल जालसाजी करना नामुमकिन है, बल्कि अधिकारियों के पास इसे 'वैध नहीं' बताकर कैंसल करने का कोई मौका भी नहीं होगा। इस बारे में राज्य के पंचायत मंत्री प्रदीप मजूमदार ने कहा, हमारी सरकार ने यह पहल इसलिए की है ताकि कंज्यूमर्स को यह सर्टिफिकेट लेने में कोई दिक्कत न हो। यह सर्टिफिकेट सुनवाई के दौरान बहुत अहम भूमिका निभाएगा। एडमिनिस्ट्रेटिव सूत्रों के मुताबिक, अभी पश्चिम बंगाल में अलग-अलग सेंट्रल और स्टेट प्रोजेक्ट्स से हाउसिंग ग्रांट पाने वाले कंज्यूमर्स की संख्या करीब 74 लाख है। यह पोर्टल बड़ी संख्या में लोगों को अपना वोटिंग अधिकार साबित करने में आसानी के लिए तुरंत लॉन्च किया गया है। इसमें से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 34 लाख और 2016 से पहले इंदिरा आवास योजना के 11 लाख लाभार्थियों को भी यह सुविधा मिलेगी।

खास बात यह है कि 'बांग्लार बाड़ी' प्रोजेक्ट के 12 लाख लाभार्थी, जिसे राज्य ने केंद्र से ग्रांट बंद होने के बाद अपने फंड से शुरू किया है, वे भी इस पोर्टल से सीधे सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकेंगे। नवान्न के एक बड़े अधिकारी ने बताया, जनवरी के पहले हफ्ते में 'बांग्लार बाड़ी' प्रोजेक्ट के 16 लाख और लाभार्थियों के अकाउंट में घर बनाने के लिए पैसे की पहली किस्त आनी शुरू हो जाएगी। पैसे मिलने के बाद उन्हें भी यह सर्टिफिकेट डाउनलोड करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, राज्य के अपने खर्च पर चल रहे 'चा सुंदरी एक्सटेंशन' प्रोजेक्ट के 21 हजार लाभार्थी भी इस डिजिटल सुविधा के तहत आ रहे हैं।

### हुमायूं कबीर के बाद अब एक और तृणमूल विधायक ने मंदिर-मस्जिद बनाने का किया ऐलान

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य के राजनीतिक गलियारों में धर्म सियासी बहस का केंद्र बना हुआ है। इसी बीच, मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर से तृणमूल विधायक जाकिर हुसैन ने अपने बयान से नई हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने यह दावा किया है कि मुर्शिदाबाद में दो मंदिर और एक मस्जिद का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे श्रीकृष्ण का एक मंदिर बनवाएंगे, जहां गीता रखी जाएगी। इसके साथ ही एक मस्जिद भी बनाई जाएगी, जहां कुरान रखी जाएगी। हुसैन का मानना है कि इस पहल का उद्देश्य इलाके में धार्मिक स्थलों की कमी को पूरा करना है, न कि किसी धर्म को बढ़ावा देना। हुसैन का कहना है कि यह काम चुनाव के बाद होगा। चुनाव से पहले सिर्फ ट्रस्ट का गठन किया जाएगा। बहुत से लोग इलाके में एक अच्छा मंदिर और धार्मिक स्थल चाहते हैं। इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, इस बयान के बाद विपक्ष ने तृणमूल पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी दलों का कहना है कि राज्य में बेरोजगारी, उद्योगों की कमी और विकास जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए अब धर्म को चुनावी हथियार बनाया जा रहा है। हालांकि, तृणमूल की ओर से आधिकारिक तौर पर इस बयान पर कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन पार्टी के अंदर भी इसे लेकर अलग-अलग राय देखी जा रही है। कुछ नेताओं का मानना है कि इस तरह के बयान से पार्टी को नुकसान भी हो सकता है।

## आज मुख्यमंत्री ममता तृणमूल के बीएलए के साथ करेंगी बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगी। तृणमूल कांग्रेस के नेता के अनुसार, मुख्यमंत्री कोलकाता और आसपास के जिलों के चयनित बीएलए के साथ बैठक करेंगी। कोलकाता की 11 विधानसभा सीटों के साथ-साथ उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा और हुगली जिलों की चुनिंदा सीटों से बीएलए को इस बैठक में बुलाया गया है। इस बैठक में मुख्य चर्चा चुनाव आयोग द्वारा किए गए राज्य की मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) अभ्यास से उत्पन्न स्थिति पर होगी। बता दें कि एसआईआर के पहले चरण में मतदाता सूची के मसौदा प्रकाशन के बाद, राज्य भर में लगभग 58.5 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। प्रतिशत के हिसाब से देखें तो कोलकाता के 11 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक होने का रिकॉर्ड बना है। इस सूची में मुख्यमंत्री का अपना निर्वाचन क्षेत्र, भवानीपुर, भी शामिल है। हालांकि, ममता बनर्जी ने पिछले सप्ताह अपने कालीघाट आवास पर भवानीपुर के बीएलए के साथ एक बैठक की थी। उस समय उन्होंने संकेत दिया था कि बीएलए के साथ बड़े पैमाने पर और अधिक चर्चा होगी।

## ऑनलाइन टिकट कंपनी के तीन अधिकारियों से एसआईटी की लंबी पूछताछ

**कोलकाता :** मेसी इवेंट में हुई अव्यवस्था के मामले में जांच तेज करते हुए एसआईटी ने ऑनलाइन टिकट बिक्री से जुड़ी कंपनी के तीन शीर्ष अधिकारियों से लंबी पूछताछ की है। पूछताछ के दायरे में कंपनी के सीईओ, मैनेजर और डायरेक्टर शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, ये तीनों अधिकारी पूछताछ के लिए दिल्ली से कोलकाता पहुंचे थे।

सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने उनसे यह जानने की कोशिश की कि ऑनलाइन टिकट बिक्री के दौरान किन लोगों से संपर्क किया गया था और टिकट वितरण को लेकर किन माध्यमों से सौदे हुए। इसके अलावा, बड़ी संख्या में टिकट किस-किस ने खरीदे, उसकी पूरी सूची भी जांच एजेंसी ने मांगी है। पूछताछ के दौरान यह सवाल भी किया गया कि क्या



किसी प्रभावशाली नेता या मंत्री की ओर से टिकट की मांग की गई थी और यदि हां, तो किस स्तर पर संपर्क हुआ था।

जांच एजेंसी यह भी खंगाल रही है कि ऑनलाइन सिस्टम में आई गड़बड़ी तकनीकी खामी थी या फिर इसके पीछे किसी तरह की सुनियोजित साजिश थी। टिकट बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर कई अहम बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली गई है।

**❑ बेलियाघाटा में पुलिस की छापेमारी, युवा भारती कांड में एक और गिरफ्तार**

**कोलकाता :** विश्वकप विजेता फुटबॉलर लियोनल मेसी के 'गोएट इंडिया टूर' की शुरुआत में सॉल्ट लेक स्थित युवा भारती स्टेडियम में भारी अव्यवस्था देखने को मिली थी। पसंदीदा फुटबॉलर को देखने से वंचित रहने पर आक्रोशित दर्शकों ने स्टेडियम में तोड़फोड़ की, जिससे इस ऐतिहासिक खेल परिसर को भारी नुकसान पहुंचा। इस घटना के सिलसिले में कोलकाता पुलिस पहले ही कई लोगों को हिरासत में ले चुकी है। रविवार को पुलिस ने बेलियाघाटा इलाके से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही युवकभारती कांड में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है।

## ममता दीदी के कुशासन का अंत निकट है : मंगल पाण्डेय

**कोलकाता :** आगामी विधान सभा चुनाव में पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी की विदाई तय है। उक्त चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' को भाजपा खत्म करेगी। यह बात बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कही। उन्होंने आरोप लगाया कि, तृणमूल की भ्रष्ट शासन, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण की राजनीति ने पश्चिम बंगाल के विकास को रोक रखा है। जनता ने इस सरकार को बदलने का मन बना लिया है। मंगल पांडेय ने कहा कि एसआईआर को लेकर जनता को भ्रमित करने वाली ममता बनर्जी पहले इसे ग़लत बताती रहीं और पश्चिम बंगाल में लागू न होने का दावा करती रहीं, लेकिन अंतिम दिन स्वयं फॉर्म भर दिया। अगर एस आई आर की प्रक्रिया ग़लत थी, तो फॉर्म क्यों भरा गया? दरअसल अवैध वोटरों के सहारे सत्ता प्राप्ति का उनका एजेंडा अब फेल हो चुका है। उनकी दोहरी नीति और भ्रम फैलाने की राजनीति की पोल खुल चुकी है। जनता के बीच तृणमूल कांग्रेस की विश्वसनीयता पहले से ही ध्वस्त है। मंगल पांडेय ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि गंगा बिहार से होकर बंगाल में बहती है। बिहार की जीत बंगाल में भी बदलाव लाएगी। पांडेय ने कहा कि बंगाल के 'भद्रजन' बदलाव चाह रहे हैं। इसलिए ममता दीदी के कुशासन का अंत निकट है। बंगाल के भद्रजन बदलाव चाह रहे हैं और वह लोग ऐसा करेंगे।

**Name Change**

I, Purna Bahadur Rana ,army service No.JC- 603166K SUB MAJ, permanently residing at 4/1, Gorkha Rifle,C/O- 56, APO, Mhow, Indore, M.P-453441, solemnly affirm that Purna Bahadur Rana and Purna Bahadur Rana Magar are same person. That in all legal written records and documents whatsoever I should be known as Purna Bahadur Rana vide 1st Class Judicial Magistrate, Alipore, South 24 Paraganas, affidavit dated 17.12.2025 being Affidavit no.76624.

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली ई-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.: [1]। निविदा सं.: सीएलडब्ल्यू-टीटीसी-सीबीटीएसआईएमयू-2025-04। कार्य का नाम:** टीटीसी/सीएलडब्ल्यू में सब-सिस्टम अनुरक्षण सिम्युलेटर मॉड्यूल और सीबीटी प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था। **निविदा मूल्य (रुपये):** ₹ 9,29,64,170.10। **निविदा दस्तावेज की लागत(रुपये):**शून्य।**बयानाराशिजमा(रुपये):** ₹ 6,14,800.00। **समापन की अवधि:** 09 माह। **नोट: (i) समापन की तिथि:** 05-01-2026 को 10:30 बजे। **(ii)** पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **(iii) संपर्क सं.:** 9163340313/9163340333। **(iv)** ईमेल आईडी: **dyceetmd@clw.railnet.gov.in** ।

उप सीईई/टीएमडी/सीएलडब्ल्यू
चित्तरंजन

PR1/265

## ठाकुरबाड़ी में फिर शांतनु-सुब्रत में छिड़ा विवाद

# भाजपा जिला अध्यक्ष की कार के पहिये पर पार्टी के एक वर्ग ने जड़ा ताला

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर को लेकर मतुआ समुदाय में चल रही उथल-पुथल के बीच, ठाकुरबाड़ी में दोनों भाइयों के बीच असहमति फिर से सामने आ गई है। भाजपा विधायक सुब्रत ठाकुर ने पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास घोष के खिलाफ भाजपा के मंडल अध्यक्ष का नाम घोषित न करने पर विरोध प्रदर्शन किया है। रविवार को सुब्रत के समर्थकों पर विकास की गाड़ी को जंजीर से बांधकर लॉक करने का आरोप लगा है। भाजपा के केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर भी इस मामले को अच्छी नजर से नहीं देख रहे हैं। सुब्रत ठाकुर के समर्थकों का आरोप है कि भाजपा के बनगांव संगठनात्मक जिला अध्यक्ष विकास घोष चार महीने से गाइघाटा मंडल 1 के अध्यक्ष का नाम घोषित नहीं



कर रहे हैं। इसी बीच, रविवार की दोपहर को जिला भाजपा अध्यक्ष शांतनु ठाकुर से मिलने ठाकुरबाड़ी आए। उस समय, आरोप है कि गा-इघाटा विधानसभा विधायक सुब्रत ठाकुर के समर्थकों ने उनकी गाड़ी के पहियों को जंजीर से बांधकर लॉक कर दिया। सुब्रत ने कहा कि जिला अध्यक्ष विकास घोष चार महीने से गाइघाटा इलाके के लिए मंडल अध्यक्ष देने की बात कर रहे हैं। लेकिन वह दे नहीं रहे हैं। जब मैं उन्हें फोन करता हूं, तो वह फोन नहीं उठाते। मंडल अध्यक्ष न होने के कारण, उस इलाके में तृणमूल और लेफ्ट अपनी पकड़ बना रहे हैं। नतीजतन, कार्यकर्ताओं में गुस्सा बढ़ रहा है। जिला अध्यक्ष की गाड़ी लॉक होने की खबर सुनकर सांसद शांतनु ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने खुद गाड़ी से जंजीर हटाई। इसी बीच, शांतनु ठाकुर और सुब्रत ठाकुर के बीच कुछ देर तक बहस हुई। शांतनु ठाकुर ने कहा कि अगर मंडल अध्यक्ष को लेकर कोई शिकायत थी, तो बैठकर बात की जा सकती थी। सुब्रत ठाकुर ने गाड़ी लॉक करके अच्छा नहीं किया। हालांकि, सुब्रत ठाकुर ने दावा किया कि उनके समर्थकों ने गाड़ी को जंजीर से बांधकर लॉक किया था। हालांकि, जिला अध्यक्ष विकास घोष ने पूरे मामले पर कुछ नहीं कहा।

### कल्याणी एक्सप्रेसवे पर पलटी कार, दो महिला समेत पांच घायल




**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के भुइयां इलाके में कल्याणी एक्सप्रेसवे पर रविवार की सुबह एक भयानक हादसा हुआ। सड़क किनारे रेलिंग से टकराने के बाद एक कार पलट गई, जिसमें दो महिलाओं समेत 5 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज चल रहा है और कार ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कार के परखच्चे उड़ गए हैं। चश्मदीदों का कहना है कि वह बैरकपुर की तरफ से तेज स्पीड से आ रही थी। उन्होंने दूर से तेज स्पीड से आती कार को टक्कर मारते और पलटते देखा।

**Press Notice**

e-Tender is hereby invited by the Block Development Officer, Barabazar Dev. Block, Dist-Purulia vide **NIet no. 31/BDO/BZR of 2025-26/SI no. 01 to SI no. 11 dated 19.12.2025** scheme bearing **Tender ID-2025_DM_977303_1 to 11** under **TDD 25-26** fund. Online bid submission commences on and from **20.12.2025 at 18.00 Hours** (As per server clock) and will be end on **14.01.2026 at 09.00 Hours** (As per server clock). Necessary details for online bidding will be available in the website **wbtenders.gov.in** Sd/-

**Block Development Officer**
**Barabazar Development Block**

# सूखी पत्तियां जलाने से महानगर में बढ़ रहा है प्रदूषण का स्तर

**❑ पर्यावरण संगठनों ने मेयर सहित कई अधिकारियों को भेजा पत्र**

**कोलकाता :** प्रदूषण के कारण महानगर कोलकाता की हालत बदल रही है। महानगर कोलकाता में प्रदूषण का लेवल बढ़ रहा है। कोलकाता में सूखी पत्तियां जलाने से शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। उक्त चिंता पर्यावरण संगठनों का है। उक्त संगठनों ने प्रदूषण रोकने के लिए तमाम सुझावों के साथ कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम को एक पत्र भी भेजा है। सर्दियों की शुरुआत से ही दिल्ली धुएं की चादर में लिपटी हुई है। एक शोध से पता चला है कि बड़े पैमाने पर एयर प्रदूषण का एक कारण पड़ोसी राज्यों की जमीन पर धान की पराली का जलाए जाना है। पर्यावरण संगठनों का दावा है कि कोलकाता में हवा की गुणवत्ता भी



खराब हो रही है। शहर के अलग-अलग इलाकों में पेड़ों से गिरे सूखे पत्तों को अंधाधुंध जलाया जा रहा है, जिससे प्रदूषण कई गुना बढ़ रहा है। इस अनचाहे प्रदूषण को रोकने के लिए एक पर्यावरण संगठन ने मेयर फिरहाद हकीम को पुराना तरीका अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कोलकाता के मेयर के अलावा पर्यावरण और बागवानी विभाग के एक्टिंग मेयर और काउंसिल के सदस्य को भी लिखा। पर्यावरण संगठन के पत्र में कहा गया है कि वे नागरिकों के तौर पर इस घटना से चिंतित हैं। पत्ते जलाना सफाई कर्मचारियों की आदत बन गई है। एक समय में, गाड़ियों या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के कारण यह रास्ता अपनाया जाता था। लेकिन अब कोलकाता नगर निगम के सफाई विभाग के पास आधुनिक गाड़ियां हैं। वेस्ट मैनेजमेंट में सुधार हुआ है, लेकिन यह घटना अभी भी हो रही है, जो सही नहीं है। यह घटना कई जगहों पर देखी गई है।

पत्र में अपील की गई है कि कोलकाता नगर निगम के हर गार्डन में एक गड्ढा बनाया जाएगा। सूखी पत्तियों को जलाने के बजाय, उन्हें वहीं जमा किया जाए। जिसे भविष्य में खाद में बदला जाएगा। इस खाद की क्वालिटी बहुत अच्छी और कीमती है। यह कम मात्रा में मिलती है। पुलिस के साथ-साथ सिक्योरिटी गार्ड्स को भी अलग-अलग इलाकों में फैले गार्डन या हाउसिंग एस्टेट में वॉलंटियर के तौर पर काम पर लगाया जाना चाहिए। पर्यावरण कर्मी बनानी कक्कड़ ने कहा, सर्दियों में पत्तियां जलाने से बहुत ज्यादा प्रदूषण होता है। इसे तुरंत रोकना चाहिए। हमने सुझाव दिया है कि हर गार्डन या हाउसिंग एस्टेट में एक गड्ढा बनाया जाए। जहां लोग कम आते-जाते हों, वहां यह गड्ढा सुरक्षित रूप से बनाया जाए और इन सभी पत्तियों को उसमें फेंक दिया जाए। इसे पानी के साथ रखा जाए। धीरे-धीरे यह खाद में बदल जाएगी। यह खाद केमिकल खाद से कहीं बेहतर क्वालिटी की है और महंगी भी है। उन्होंने आगे कहा, पहले शहर में कई जगहों पर यह तरीका अपनाया गया था। लेकिन जागरूकता की कमी के कारण यह सफल नहीं हुआ। चूंकि आम लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं थी, इसलिए वे वहीं कचरा फेंक देते थे। अगर पत्तों से खाद बनाई जाए, तो कोलकाता नगर निगम इसे बेचकर इनकम कर पाएगा। चूंकि पेड़ लगाने की जगह नहीं है, इसलिए कई लोग अपनी छतों और बालकनी पर पेड़ लगाते हैं। उनके बीच इस खाद की बहुत मांग है। नतीजतन, जैसे-जैसे प्रदूषण कम होगा, वैसे-वैसे इनकम भी बढ़ेगी। कोलकाता नगर निगम के एक अधिकारी ने कहा, प्रस्ताव के साथ जो पत्र आया है, उस पर जानकारों से सलाह ली जाएगी। फिर, चर्चा के बाद फैसला लिया जाएगा कि क्या ऐसा किया जा सकता है या ऐसा करने के क्या फायदे और नुकसान हैं। हालांकि, पर्यावरण को लेकर ऐसी पॉजिटिव सोच सभी के बीच बनी रहनी चाहिए। यह अच्छी बात है।

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# खड़गपुर में कुख्यात हथियार डीलर गिरफ्तार, पांच राइफलें-पिस्टल सहित 17 कारतूस बरामद



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर टाउन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर निमपुरा के राख जंगल इलाके में छिपकर बैठी पुलिस टीम ने हथियारों की डीलिंग के दौरान कुख्यात हथियार डीलर दीपांकर शुक्ला को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक 9 एमएम पिस्टल, पांच राइफलें, एक चाकू और 17 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इनमें 16 कारतूस 7.65 एमएम के और एक 8 एमएम का था। गिरफ्तार आरोपी का घर खड़गपुर शहर के वार्ड 9 के कुमोरपारा इलाके में है। खड़गपुर टाउन पुलिस स्टेशन के प्रभारी पार्थसारथी पाल के नेतृत्व में विशेष टीम ने जंगल में घेराबंदी की थी। सूचना मिली थी कि यहां हथियारों की बड़ी खेप की खरीद-फरोख्त होने वाली है। डीलर दीपांकर शुक्ला हथियार सौंपने पहुंचा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले भी अवैध हथियारों की तस्करी के मामलों में शामिल रहा है। उसने खुलासा किया कि ये हथियार खड़गपुर के खरीदा इलाके के आर. उमेश कुमार और जमशेदपुर निवासी राधेश्याम सिंह को सप्लाई करने थे। दोनों खरीदार कुख्यात अपराधी हैं। आर. उमेश कुमार और राधेश्याम सिंह रेलवे माफिया श्रीनू नायडू हत्या मामले के आरोपी रह चुके हैं। राधेश्याम सिंह ड्रग्स तस्करी के एक मामले में भी जेल जा चुका है और हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था।

शुरुआती जांच में सामने आया कि एक नया गैंग इन हथियारों से बड़ी वारदात, संभवतः हत्या की योजना बना रहा था। उमेश और राधेश्याम उस गैंग के सक्रिय सदस्य थे। पुलिस ने दोनों की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। आरोपी दीपांकर के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## खड़गपुर में बड़ी लूट की योजना नाकाम, दूसरे राज्य के 7 लोग गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** खड़गपुर में जिला पुलिस ने एक बड़ी लूट की योजना को नाकाम कर दिया। मामले में दूसरे राज्य के 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, लूट में इस्तेमाल होने वाली एक चार पहिया गाड़ी, एक लॉरी और कई सामान बरामद किए गए। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार के तड़के कुछ बदमाश पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर नंबर 2 ब्लॉक के खड़गपुर साथानीय थाना के तहत अक्कारा बसंतपुर इलाके में एक चार पहिया गाड़ी और एक लॉरी के साथ इकट्ठा हो रहे थे। उनका इरादा एक बड़ी लूट करने का था। गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापा मारा और योजना को नाकाम कर दिया। गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के बाद, एक बड़ी पुलिस फोर्स गई और लुटेरों को रंगे हाथों पकड़ लिया। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने उनके पास से एक चार पहिया गाड़ी, एक लॉरी और लूट में इस्तेमाल होने वाले कई सामान बरामद किए। पता चला है कि गिरफ्तार किए गए सभी 7 लोग दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं। उन्हें खड़गपुर लोकल पुलिस स्टेशन के तहत अक्कारा बसंतपुर में नेशनल हाईवे नंबर 16 पर गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक पलाश चंद्र धाली रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बारे में जानकारी देंगे।

# पश्चिम बंगाल में तेज प्रताप यादव की पार्टी लड़ेगी चुनाव



**पटना/कोलकाता :** बिहार विधानसभा चुनाव में तेज प्रताप की नई पार्टी जनशक्ति जनता दल एक भी सीट जीत नहीं जीत पाई। अब पार्टी पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। रविवार को पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने कहा कि पार्टी को विस्तार देने का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। हाल ही में पार्टी के विस्तार को देखते हुए बंगाल में मेरी पार्टी जल्द प्रदेश अध्यक्ष बनाने का काम करेगी। बंगाल चुनाव को लेकर तेज प्रताप ने कहा कि बिल्कुल मेरी पार्टी चुनाव लड़ेगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख ने कहा कि सही समय पर सीटों के बारे में भी बताया जाएगा।

# किराएदार के धक्के से मकान मालिक की सीढ़ियों से गिरकर मौत, आरोपी गिरफ्तार



**बर्दवान :** घर के किराएदार को घर में बिल्ली का होना पसंद नहीं था। शनिवार को उसकी घर के मालिक से बहस हो गई। आरोप है कि उस समय संदीप दत्त (52) नाम के पुराने किराएदार ने घर के मालिक को धक्का दे दिया। वह सीढ़ियों से गिर गए। संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। बर्दवान शहर के विजयपल्ली कालना रोड इलाके में इस घटना को लेकर हंगामा मच गया। मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर, बर्दवान थाने की पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया और किराएदार, बूढ़े सोमनाथ रॉय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रविवार को बर्दवान कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी के वकील ने कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दी, लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि संदीप दत्ता के घर में एक बिल्ली थी। वह उसकी देखभाल करते थे। परेशानी तब शुरू हुई जब वह शनिवार रात को बिल्ली को खाना खिलाने गए। संदीप के भाई सुरजीत दत्ता ने बताया कि वे दो मंजिला घर के ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। ऊपरी मंजिल किराए पर दी हुई है। सर्दियों में बिल्लियाँ सीढ़ियों के नीचे सोती हैं। किराएदार को यह पसंद नहीं था। उसने यह बात पहले भी कही थी। सुरजीत ने कहा कि मैंने शनिवार को भी अपने दादाजी को इस बारे में बताया था। तब मेरे दादाजी ने प्यार से कहा, अगर तुम्हें खाना नहीं खाना है, तो घर छोड़ दो। इसी बात पर सोमनाथ को गुस्सा आ गया। हर दिन मेरे दादाजी मुझे खाना देने के लिए छत पर जाते थे। रात में भी, जब मैं गया, तो उसने बहस के बीच मेरे दादाजी को धक्का दे दिया। मेरे दादाजी करीब 10-11 सीढ़ियाँ नीचे गिर गए। जब मैं वहां गया, तो मैंने देखा कि उनका सिर ज़मीन में धंसा हुआ था, वह बेहोश थे। जब लोगों को बुलाया गया और उन्हें बर्दवान मेडिकल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्यों की मांग है कि पुलिस घटना की ठीक से जांच करे और दोषी को कड़ी सज़ा दे। हालांकि, आरोपी की तरफ से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क में 21वें वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क का 21वां वार्षिक खेल दिवस 2025-26 रविवार को गीतांजलि स्टेडियम में उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। तिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर तथा मशाल प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या जयति चौधुरी ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए खेल दिवस के दूसरे दिन की औपचारिक शुरुआत की। सीनियर कोरस द्वारा प्रस्तुत 'कप ऑफ लाइफ' के पश्चात सैन्य धुन पर छह सदनों के समन्वित मार्च पास्ट ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें शाला नायक-नायिका, उप नायक-नायिका, खेल कप्तान एवं एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर ओम दयाल एजुकेशन एंड रिसर्च सोसाइटी की प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे, जबकि प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी अलविटो दी कुन्हा मुख्य अतिथि तथा असीम बिस्वास विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। खेल प्रतियोगिताओं में 50, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, रिले रेस, हर्डल रेस, शर्ट पुट, रस्सा कसी सहित एरोबिक्स और कराटे प्रदर्शनों ने दर्शकों को रोमांचित किया। वहीं, कराटे पिरामिड ने छात्रों की संगठित शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अभिभावकों की दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। वार्षिक खेल दिवस ने छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समन्वय की भावना को मजबूत किया। पुरस्कार वितरण, धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ खेल दिवस का सफल समापन हुआ।

## रेल लाइन के रखरखाव कार्य के चलते दो एक्सप्रेस ट्रेनों को किया गया डायवर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

हावड़ा मंडल में जौग्राम और पल्ला रोड स्टेशनों के बीच सभी लाइनों पर फीडर वायरिंग के रखरखाव कार्य के कारण 23 और 24 दिसंबर को दो-दो दिन के लिए 90 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक प्रस्तावित किया गया है। इस कारण भारतीय रेलवे ने कुछ ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 12370 देहरादून-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस को 23 और 24 दिसंबर को तथा 15272 मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस को 24 दिसंबर को वर्दवान-बंडेल मार्ग से संचालित किया जाएगा।

# अलीपुरद्वार में घने कोहरे के कारण दो अलग-अलग सड़क हादसे, दो की मौत



**अलीपुरद्वार :** जिले के फालाकाटा में घने कोहरे की वजह से दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर रात फालाकाटा-मादारीहाट राज्य सड़क पर हालोंग इलाके के पास एक चार पहिया वाहन चालक का नियंत्रण खो बैठा। वाहन पहले सड़क किनारे निर्माणाधीन गार्डवाल से टकराया और फिर पलटकर पास की नीची जगह में जा गिरा। कार में चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे। हादसे में मौके पर ही कौशिक दास (30) नामक युवक की मौत हो गई, जबकि बाकी चार लोग मामूली रूप से घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही फालाकाटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया। मृतक फालाकाटा ब्लॉक के छह माइल इलाके का निवासी है। दूसरी तरफ, रविवार की सुबह फालाकाटा के कुंजनगर इलाके में एक और सड़क हादसा हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शिवनाथपुर निवासी अधीर बर्मन अपनी पत्नी रत्ना बर्मन के साथ स्कूटी से फालाकाटा की ओर आ रहे थे। उनकी पत्नी कोलकाता पुलिस की परीक्षा देने जा रही थीं। इसी दौरान कुंजनगर इलाके में पीछे से अचानक एक मालवाहक वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। सड़क पर गिरने से पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले फालाकाटा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया और बाद में, कूचबिहार एमजेएन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन कूचबिहार ले जाते समय रास्ते में ही अधीर बर्मन की मौत हो गई। उनकी पत्नी का पैर टूट गया है। पुलिस का कहना है कि घने कोहरे के कारण यह दुर्घटना हुई। फिलहाल पुलिस फरार वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# केसीजी कॉलेज की छात्रा ऋथिका एस. के. को 9वां आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा**

केसीजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी की छात्रा ऋथिका एस. के. को 9वें आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड का राष्ट्रीय विजेता घोषित किया गया है। यह अवॉर्ड भारत के स्नातक इंजीनियरिंग छात्रों के लिए सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक माना जाता है।

ऋथिका का चयन पूरे भारत से प्राप्त 43,971 आवेदनों में से बहु-चरणीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद किया गया, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रभाव को परखा गया। उनकी परियोजना सोलर-पावर्ड हेल्थकेयर कियोस्क राष्ट्रीय फाइनल में विजेता रही। विजेता को 3 लाख की स्कॉलरशिप और आईइटी की मानद सदस्यता प्रदान की गई। इस वर्ष के फाइनलिस्ट में सभी पांच प्रतिभागी महिलाएं थीं।

कार्यक्रम के चेयर प्रो. अभिजीत चक्रवर्ती ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अवॉर्ड तकनीकी क्षमता और नेतृत्व की भावना दोनों को मान्यता देता है।

आईइटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड 2025 ने भारत के युवा इंजीनियरों में नवाचार और सामाजिक योगदान को प्रमुखता दी है।

# तिलजला में लिव-इन पार्टनर की हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व कोलकाता के तिलजला में पुलिस ने लिव-इन पार्टनर की हत्या के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। क्या नृशंस घटना के पीछे कोई और राज़ है? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान मोहम्मद जाहिद अंसारी के रूप में की गई है। जबकि, गिरफ्तार महिला का नाम फिरदौसी परवीन है। बताया गया है कि मोहम्मद जाहिद अंसारी अपनी प्रेमिका फिरदौसी परवीन के साथ तिलजला इलाके में हजारी गली के एक घर में रहता था। शनिवार की देर रात जाहिद के घर के अंदर से चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। खबर मिलने पर जाहिद का भाई वहां पहुंचा। वहां उसने देखा कि जाहिद खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ा है। भाई, फिरदौसी और उसकी एक गर्लफ्रेंड जाहिद को खून से लथपथ हालत में अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद, फिरदौसी गायब हो गई। रात में ही जाहिद के परिवार की तरफ से तिलजला थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच शुरू की। आरोप है कि जाहिद, फिरदौसी और उनका एक दोस्त रात में घर पर शराब पी रहे थे। रिश्तों में तनाव की वजह से उनके बीच झगड़ा हुआ। इसी वजह से ज़ाहिद के दोस्त फिरदौसी ने नशे में ज़ाहिद पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। उसके शरीर के कई हिस्सों में चाकू मारे गए। घर खून से लथपथ हो गया। फिरदौसी के अस्पताल से भागने के बाद तिलजला थाना पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। आखिर में, फिरदौसी को तिलजला इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का दावा है कि युवती ने अपने लिव-इन पार्टनर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। जांच में पुलिस को पता चला कि ज़ाहिद और फिरदौसी की मुलाकात करीब तीन साल पहले हुई थी। धीरे-धीरे उनकी नजदीकियां बढ़ीं। इसके बाद, दोनों ने हजारी गली में एक घर किराए पर लिया और साथ रहने लगे। दोनों छोटा-मोटा काम करते थे। इससे पहले फिरदौसी ने अपने पार्टनर के खिलाफ तिलजला थाने में कई बार टॉर्चर की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में, मामला सुलझने के बाद वे फिर से साथ रहने लगे। लेकिन दोनों को एक दूसरे पर शक था। इस वजह से रिश्ते में तनाव शुरू हो गया। जिसका नतीजा मौत था।

# अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ वार्षिक खेल दिवस



**हावड़ा :** अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल के क्रीड़ांगन में अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राथमिक विभाग का वार्षिक खेल समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, उप-प्राचार्या काकोली नाग, प्रेम सिंह (सूबेदार, 21 बंगाल बटालियन एन. सी. सी. ), सरोज गेल (हवलदार, 21 बंगाल बटालियन (एन. सी. सी.), शिक्षा हितैषी नवीन टिकमानी, एवं अग्रसेन ब्वायज स्कूल की प्राचार्या अबीरा दास, विद्यालय कार्यकारिणी के गणमान्य सदस्यगण संजय अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, विद्यालय की शिक्षिकाएँ व छात्राएँ उपस्थित थीं।

इस समारोह को दो चरणों में प्रस्तुत किया गया। प्रथम चरण में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा द्वितीय तक, द्वितीय चरण में कक्षा तृतीय से लेकर कक्षा पाँचवीं तक की छात्राओं द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित गणमान्य अतिथिगण एवं विद्यालय के प्राचार्य महोदय के द्वारा विद्यालय की कप्तान, उप-कप्तान एवं चारों सदनों की उपकप्तान, गाइड विंग और एन. सी. सी. कैडेट्स के कप्तानों द्वारा शपथ दिलवा कर एवं मशाल प्रज्वलित व शांति के प्रतीक कबूतर और गुब्बारे उड़ाकर किया गया। अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के उपरांत कदमताल करती हुई छात्राओं द्वारा सलामी ली। कार्यक्रम में सभी प्रतियोगियों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग व उत्साहवर्धक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों और प्रतिभागियों के मन को मोह लिया। विजयी प्रतियोगियों को सम्मानित सदस्यों के द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही चारों सदनों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सदनों को भी पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम स्थान निवेदिता हाउस 121 अंक, द्वितीय स्थान इंदिरा हाउस 111 अंक तथा तृतीय स्थान कल्पना हाउस 109 अंक प्राप्त कर विजयी रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा स्कूटी पर छात्राओं को बैठाकर खेल मैदान का चारो तरफ चक्कर लगाते हुए स्वास्थ्य, अनुशासन एवं विश्व शांति का संदेश देना। अंत में उप-प्राचार्या श्रीमती काकोली नाग ने सभी को नववर्ष की शुभकामना दी।

# श्री जैन विद्यालय में 'एसजेवी किंग्स लीग चैंपियन 25' का भव्य आयोजन, छात्रों ने दिखाया दमखम



**हावड़ा :** खिलाड़ियों और खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हावड़ा स्थित श्री जैन विद्यालय में अंतर-वर्गीय 'एसजेवी किंग्स लीग चैंपियन 25' (अंडर-17 एवं अंडर-19) क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सात दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में नवमी-दसवीं तथा ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों के बीच कई मुकाबले खेले गए। विद्यालय के क्रिकेट ग्राउंड पर फाइनल मैच आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध समाजसेविका शशि कांकरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई। अंडर-17 वर्ग में नवमी कक्षा के छात्रों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रन का लक्ष्य दिया, जिसे दसवीं कक्षा के छात्रों ने सफलतापूर्वक हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं अंडर-19 वर्ग में टॉस जीतकर बारहवीं कक्षा के छात्रों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 207 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में ग्यारहवीं कक्षा की टीम 123 रन पर ऑलआउट हो गई और बारहवीं कक्षा की टीम विजेता घोषित हुई। विद्यालय के छात्र मोहित को पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता टीमों को कप और शील्ड प्रदान कर मुख्य अतिथि शशि कांकरिया तथा विद्यालय की प्रिंसिपल इंदु जोसेफ चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, संजय सिंह, सतीश सिंह, प्रणवेश मिश्र, सोमेन चक्रवर्ती सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक बिनोद सिंह एवं अनिल तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैच की कमेंट्री वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार तिवारी और पूर्व छात्र पीयूष साव ने की, जबकि अंपायर की भूमिका सोमेन चक्रवर्ती ने निभाई। विद्यालय की प्रिंसिपल इंदु जोसेफ चौधरी ने छात्रों को जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। अंत में विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत




**पुरुलिया :** पुरुलिया के टामना थाने ने एक व्यक्ति को लहूलुहान अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया। रविवार की सुबह अलाउद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति शनिवार की शाम अपने घर से निकला था। घटना के बाद टामना थाने ने रविवार की सुबह उसे शिमुलिया के पास विल कॉक्स रोड के किनारे लहूलुहान अवस्था में देखा। इस बीच, घरवालों को इसकी जानकारी दी। उससे पहले पुरुलिया के देवन महतो गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां उसकी हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने कि सलाह दी गई। बताया जाता जाता है कि उसे ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### आज हुमायूं कबीर नई पार्टी का करेंगे ऐलान, कहा...

# 'बाबरी मस्जिद बनाने के लिए सत्ता में आना जरूरी'

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखकर सुर्खियों में आए विधायक हुमायूं कबीर अब अपनी नई पार्टी बनाने जा रहे हैं। हुमायूं कबीर सोमवार को एक नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा करने वाले हैं। उससे पहले, तृणमूल के 'बागी' विधायक अलग-अलग जगहों पर तैयारी बैठक कर रहे हैं। इसी क्रम में, रविवार को बैठक में हुमायूं कबीर ने कहा कि उनका टार्गेट 2026 के विधानसभा चुनाव में कम से कम 90 सीटें जीतना है, क्योंकि, अगर तृणमूल या बीजेपी अकेले बहुमत से राज्य में सत्ता में आती है, तो उनमें से कोई भी बाबरी मस्जिद नहीं बनने देगा। इसलिए, उनकी नई पार्टी को सरकार की 'चाबी' या नियंत्रण अपने हाथ में रखने के लिए कम से कम 90 सीटें जीतनी होंगी। उन्होंने कहा कि वे राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 135 पर चुनाव लड़ेंगे। हुमायूं कबीर ने बैठक में ऐलान किया कि पैसे और जमीन से बाबरी मस्जिद नहीं बन सकती। जब तक हमारे समुदाय के लोग पावर में नहीं हैं, कोई भी इस मस्जिद को नहीं बनने देगा। इसलिए, हमें अगले चुनाव में कम से कम 90 सीटें जीतनी हैं। सरकार को डिसाइडिंग रोल निभाना होगा। आप सब आगे आएं। यह पार्टी आपकी पार्टी होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मुर्शिदाबाद की कुल 22 सीटों में से केवल नौ सीटों पर ही चुनाव लड़ेगी। वह अधीर चौधरी की कांग्रेस के लिए नौ सीटें छोड़ेंगे। इसके साथ ही माकपा के लिए तीन सीटें और नौसाद की पार्टी के लिए एक सीट छोड़ेंगे। इससे तृणमूल खाली हो जाएगी। विधायक ने कहा कि मस्जिद के लिए आम लोगों की तरफ से दी गई ईंटों और वित्तीय सहायता की बाढ़ देखकर उन्हें यकीन है कि इस इमोशन को बैलेट बॉक्स में बदला जा सकता है।

# राजनीतिक खींचतान के बीच खड़गपुर नगरपालिका पर सवाल, चेयरपर्सन ने संभाला मोर्चा

**पश्चिम मेदिनीपुर, समाज्ञा :** जिले की खड़गपुर नगरपालिका इन दिनों प्रशासनिक कमियों से अधिक राजनीतिक भीतरी गुटबाजी के कारण चर्चा के केंद्र में है। राज्य सरकार की ओर से खड़गपुर नगरपालिका को भेजे गए आधिकारिक पत्र ने इस अंदरूनी खींचतान को और सतह पर ला दिया है। पत्र में, नगर की बुनियादी सुविधाओं - पेयजल, सफाई व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट- को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सरकारी पत्र के अनुसार, खड़गपुर शहर के कई इलाकों में पिछले एक वर्ष से जलापूर्ति संतोषजनक नहीं है। इसके साथ ही नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और नालियों की सफाई में भी कमी सामने आई है। शहर के विभिन्न हिस्सों में स्ट्रीट लाइट की खराब स्थिति ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। इन्हीं आरोपों के आधार पर नगरपालिका के बोर्ड ऑफ काउंसिलर्स से जवाब मांगा गया है। इस बीच, खड़गपुर नगरपालिका की चेयरपर्सन कल्याणी घोष रविवार की सुबह सरकारी पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका को इस समय मानव संसाधन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते कुछ कार्यों में विलंब हुआ है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जहां-जहां जल संकट की स्थिति बनी है, वहां बोरिंग के माध्यम से वैकल्पिक जल व्यवस्था की गई है। पेयजल में गंदगी की शिकायतों पर उन्होंने बताया कि पानी की टंकियों की सफाई कराई जा चुकी है और अन्य आवश्यक सुधार कार्य भी लगातार चल रहे हैं। चेयरपर्सन ने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और तय समय सीमा के भीतर हालात सामान्य कर दिए जाएंगे।

# मालदह मंडल ने आजिमगंज-न्यू फरक्का खंड में पुल नवीनीकरण कर रेल सुरक्षा मजबूत की



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने रेल सुरक्षा और परिचालन विश्वसनीयता को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। आज़िमगंज-न्यू फरक्का रेल खंड में 20 दिसंबर को ब्रिज संख्या 336 के री-गर्डरिंग तथा परित्यक्त आरओबी के ध्वस्तीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह कार्य नियंत्रित ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के तहत सूक्ष्म योजना और प्रभावी समन्वय के साथ संपन्न हुआ, जिससे ट्रेन सेवाओं की सुरक्षा, विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जंगीपुर रोड-सुजनीपाड़ा अप लाइन पर किए गए री-गर्डरिंग कार्य से पुल की संरचनात्मक मजबूती और सेवा आयु में वृद्धि हुई है। वहीं, बल्लालपुर-न्यू फरक्का अप एवं डाउन लाइनों पर स्थित परित्यक्त आरओबी को हटाने से संभावित जोखिम समाप्त हुए हैं और परिचालन लचीलापन बढ़ा है। इसके अलावा, शैडो ब्लॉक के दौरान बासुदेवपुर स्टेशन सीमा में 520 ट्रैक मीटर का सतत ट्रैक नवीनीकरण (सीटीआरपी), थिक वेब स्विच नवीनीकरण, सीएसएम व डुओमैटिक मशीनों से बड़े पैमाने पर टैम्पिंग, यूनिमैट टैम्पिंग, यूएसएफडी जांच तथा रेल वेल्डिंग जैसे कार्य भी पूरे किए गए। ये उपलब्धियां मालदह मंडल के इंजीनियरिंग विभाग की तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# भगवान भी मोदी को बंगाल में नहीं चाहते : कल्याण बनर्जी

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर लोकसभा सीट से तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने एक बार फिर पीएम नरेंद्र मोदी पर व्यंग कस्ते हुए कहा कि उनका गंतव्य बंगाल नहीं हो सकता, यह बात कल भगवान ने भी समझा दी। उन्होंने इतनी झूठी बातें कही हैं कि मौसम ने भी उनका साथ नहीं दिया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को नदिया जिले के ताहेरपुर में सभा प्रस्तावित थी, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर वहां नहीं पहुंच सका। अंततः उन्होंने फोन के माध्यम से भाजपा समर्थकों को संबोधित किया और अपने स्वभाव के अनुरूप पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार पर हमला बोला। इस संदर्भ में, रविवार को श्रीरामपुर के तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का डेस्टिनेशन पश्चिम बंगाल नहीं होगा, यह बात ईश्वर ने ही समझा दी है। उन्होंने कहा कि मोदी पहले भी जंगल राज जैसी कई बातें कह चुके हैं और हर बार बंगाल की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया है। जो व्यक्ति बंगाल और बंगालियों का अपमान करता है, बंगाल को वंचित करता है, वह बंगाल का विकास कैसे करेगा?



कल्याण बनर्जी ने सवाल उठाया कि सौ दिन का काम बंगाल के लोगों के लिए था, फिर वह क्यों नहीं दिया गया? हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद केंद्र सरकार पैसा नहीं दे रही है। बंगाल के लोगों को हर समय वंचित करने की इस मानसिकता को बंगाल की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बंगालियों को सहन नहीं कर पाती और इसका प्रमाण ओएमए समेत कई मामलों में सामने आया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने रवींद्रनाथ टैगोर से लेकर राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर और ऋषि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय तक सभी का अपमान किया है। बंगाल और बंगालियों के इस अपमान का जवाब जनता 2026 में देगी।

मतुआ समुदाय को लेकर दिए गए वादों पर भी कल्याण बनर्जी ने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा मतुआओं से किए गए वादों को पूरा नहीं कर पाई। भाजपा के एक मंत्री शांतनु ठाकुर नागरिकता देने की बात कर रहे हैं, लेकिन नागरिकता देने की एक संवैधानिक प्रक्रिया और सरकारी नियम होते हैं। भीड़ इकट्ठा कर पैसे लिए जा रहे हैं और ऐसे कागज दिए जा रहे हैं जिनकी कोई कानूनी वैधता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मतुआ समुदाय की भावनाओं के सहारे भाजपा 2024 तक जीतती रही, लेकिन अब मतुआ समाज समझ चुका है कि नरेंद्र मोदी उनके लिए कुछ नहीं करेंगे। जो कुछ करेंगे, वह ममता बनर्जी ही करेंगी।

# हुगली में अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** बांग्लादेश में जारी अस्थिर हालात और इधर पश्चिम बंगाल में एसआईआर के माहौल के बीच हुगली जिले के पांडुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत तिन्ना दक्षिणपाड़ा इलाके से एक बांग्लादेशी घुसपैठिए को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को आज चुंचुड़ा अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार युवक का नाम रियाद हसन है। वह बांग्लादेश के बरिशाल का निवासी है। पूछताछ में युवक ने दावा किया कि करीब तीन साल पहले वह दलाल के जरिए कोलकाता आया था और कुछ समय तक टॉलीगंज इलाके में रहता था। हाल ही में वह पांडुआ के तिन्ना इलाके में आकर रहने लगा था। स्थानीय लोगों को उसकी



गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर बीती रात पांडुआ थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध घुसपैठ के आरोप में मामला दर्ज किया है। जांच में पता चला है कि उसके पास न तो कोई वैध वीज़ा था और न ही पासपोर्ट। इस संबंध में हुगली ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण सरकार ने बताया कि गिरफ्तार युवक बांग्लादेश का निवासी है और भारत में अवैध रूप से रह रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और यह जांच की जा रही है कि वह किस उद्देश्य से पांडुआ आया था।

## श्री रानीसतीजी प्रचार समिति का वार्षिक उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न



**कोलकाता :** श्री रानीसतीजी प्रचार समिति का वार्षिक उत्सव शनिवार को उत्तर कोलकाता सॉलिटेयर बैंक्वेट (जैसोर रोड) में संपन्न हुआ। अखंड ज्योत, छप्पन भोग और अलौकिक श्रृंगार के ससक्ष शहर की प्रसिद्ध भजन मंडलीय द्वारा दादीजी को भजन पुष्प अर्पित किए गए। सचिव दीपक जालान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव को सफल बनाने में समिति के तुलसीराम राजगढ़िया, पवन कुमार, किशन कुमार जालान, विनय मस्करा, अजय पोद्दार, कमल रीवाबाल, मनीष झुनझुनवाला, संजय अग्रवाल, राजकुमार बागला, मोहन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री के गंगासागर दौरे से पहले तैयारियों की समीक्षा, प्रशासन अलर्ट

**गंगासागर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आगामी गंगासागर दौरे से पहले मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। जनवरी के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री के गंगासागर पहुंचने की संभावना है, जहां वह गंगासागर मेले की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। इससे पहले सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय टीम ने गंगासागर पहुंचकर व्यवस्थ-ाओं का जायजा लिया।

तैयारियों की समीक्षा के लिए जिले के जिलाधिकारी अरविंदु कुमार मीना गंगासागर पहुंचे। उनके साथ सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा, सागर के बीडीओ कनैया कुमार राव सहित कई वरिष्ठ



प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की प्रगति की जानकारी ली।

गौरतलब है कि आगामी 8 जनवरी से गंगासागर मेला शुरू होने जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने दौरे के दौरान सुंदरबन क्षेत्र की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी। इनमें मुड़ीगंगा नदी पर गंगासागर पुल का उद्घाटन भी शामिल है, जिसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

इस वर्ष मेले में श्रद्धालुओं के आकर्षण के लिए बंगाल के सात प्रमुख मंदिरों की झांकियां भी तैयार की जा रही हैं, जिनमें दीघा का प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर भी शामिल है। इसके अलावा हेलीपैड, मेला परिसर के प्रमुख प्वाइंट्स और मंदिर निर्माण कार्यों की प्रगति का भी अधिकारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री के दौरे और गंगासागर मेले को लेकर किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ काम कर रहे हैं।

## डोमजूर में दिनदहाड़े बदमाशों का आतंक, युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर भाई पर हमला

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के डोमजूर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बदमाशों के दुस्साहस का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां सलप इलाके में एक युवती के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की कोशिश की गई, जबकि बहन की इज्जत बचाने पहुंचे उसके भाई पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया गया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, पाकुड़िया निवासी सुनीत दास रविवार को अपनी बहन के साथ साइंस सिटी के पास आयोजित हस्तशिल्प मेले में जाने के लिए निकले थे। स्कूटर का साइड मिरर लगवाने के लिए सुनीत अपनी बहन को सड़क पर खड़ा कर पास की दुकान में चले गए।

इसी दौरान आरोप है कि पड़ोस के कुछ युवक युवती को अकेला पाकर उस पर अश्लील टिप्पणियां करने लगे और अभद्र तरीके से छूने की कोशिश की। डर और शर्म से कांपती युवती बदमाशों से उसे छोड़ देने की गुहार लगाती रही। दूर से बहन की स्थिति देखकर सुनीत दौड़कर मौके पर पहुंचे और विरोध किया। इसी दौरान बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे मारपीट में उनका सिर फूट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति को संभाला गया। घटना के संबंध में सुनीत दास ने डोमजूर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, अब तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं होने के कारण पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 105 नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन

### नागरिक स्वास्थ्य संघ एवम् श्री माथुर वैंश्य जनहित परिषद का सेवाकार्य



**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने श्री माथुर वैश्य जनहित परिषद के सहयोग से 105 नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया। प्रमुख अतिथि पार्षद मीना पुरोहित, वीरेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार अर्घ बंद्योपाध्याय, श्री माथुर वैश्य जनहित परिषद के अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता, सचिव राजीव गुप्ता, संयोजक सतीश गुप्ता, समाजसेवी विश्वनाथ पारोलिया, डॉ. अनिल पाठक, डॉ. एन जी साव एवम् अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकास चन्द चांडक, आलोक दमानी, शंकरलाल सोमानी, विजय बागड़ी, गणेश प्रसाद लाखोटिया, राम तापड़िया, मधुसूदन सफ़फड़ एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। पार्षद मीना पुरोहित ने नागरिक स्वास्थ्य संघ एवम् श्री माथुरवैश्य जनहित परिषद के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा परोपकार की भावना से कार्यकर्ता तत्पर रहते हैं। नेत्र चिकित्सा एवम् सुरक्षा जरूरी है। दोनों संस्थाओं ने स्थापना से निरन्तर प्रगति करते हुए वटवृक्ष का रूप लिया है। निःस्वार्थ भावना से सेवा परम उद्देश्य है। सभी अतिथियों ने रोगियों को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामना दी। सेवा शिविर की सफलता के लिये अमित गुप्ता, पवन, सुरेन्द्र, गोविन्द, विजय, अजय गुप्ता, अरूण, कन्हैया, अमन, राम, राजकुमार, शरद एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संचालन आलोक दमानी, धन्यवाद ज्ञापन शंकर लाल सोमानी ने किया।

## हावड़ा में भीषण सड़क हादसा, महिला राहगीर और बाइक चालक की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक महिला पैदल यात्री और बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना सर्द रात में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 पर निबिड़ा इलाके के कोना ट्रैफिक गार्ड कार्यालय के पास हुई। जानकारी के अनुसार, एक महिला बस पकड़ने के लिए सड़क पर खड़ी थीं, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर जा गिरीं, वहीं बाइक चालक और उसका एक सहयात्री भी सड़क




पर गिर पड़े। महिला के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आईं।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने महिला और बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया। बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बांग्लादेश व पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ अंजनी पुत्र सेना का प्रदर्शन, यूनुस का पुतला फूंका

**हावड़ा, समाज्ञा :** कुछ दिनों पहले बांग्लादेश में एक युवक के साथ मारपीट की गई और उसे आज के हवाले कर दिया गया यह पीड़ा दायक घटना हिंदू सनातनियों को छोड़ देने वाली घटना साबित हुई। इसी के खिलाफ आज तकरीबन शाम को 5:30 बजे हावड़ा मैदान मेट्रो चैनल के नजदीक अंजनी पुत्र सेना की ओर से विरोध रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया और बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया यूनुस का पुतला दहन किया गया। अंजनी पुत्र सेवा के सचिव सुरेंद्र वर्मा



का कहना है कि बांग्लादेश ही नहीं बांग्लादेश के साथ पश्चिम बंगाल में भी हिंदू सनातनियों के ऊपर जिस तरह अत्याचार किए जा रहे हैं उनके खिलाफ हम सनातनियों को जुट होकर मुकाबला करना होगा आज इसी को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया गया है व बांग्लादेश सरकार के मुखिया युनुस का पुतला और बंगाल देश के झंडे को दहन किए हैं हम लोग चाहते हैं कि इसकी न्यायिक जांच हो दोषियों को दंडित किया जाए जो पीड़ित हिंदू हैं उन्हें वहां पर सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

# मोगरा में महिला के प्रेमी ने पति को उतारा मौत के घाट

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के मोगरा थाना अंतर्गत शेरपुर इलाके से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला के कथित प्रेमी ने उसके पति की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान प्रसनजीत दास (36) के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ साल पहले प्रस-नजीत की पत्नी रत्ना दास का बलागढ़ के एक युवक सुब्रत भक्त के साथ विवाहेतर संबंध बन गया था। कुछ समय बाद यह बात प्रसनजीत को पता चल गई, जिसके बाद पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होने लगे और वैवाहिक रिश्ते में दरार आ गई। दोनों की शादी को 14 साल हो चुके थे और उनका एक बच्चा भी है। मृतक की मां कल्पना दास ने पूरे घटनाक्रम के लिए सीधे तौर पर



बहू के प्रेमी सुब्रत भक्त को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि शनिवार की शाम करीब 7.30 बजे सुब्रत नशे की हालत में उनके घर आया और जोर-जोर से आवाज देने लगा। वह प्रसनजीत को नाम लेकर बाहर बुलाने लगा। परिवार के छोटे बेटे ने इसका विरोध किया तो सुब्रत ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान काम से घर लौट रहे प्रसनजीत ने अपने भाई को पिटते देखा और उसे बचाने आगे बढ़ा। तभी सुब्रत के साथ उसकी तीखी बहस हो गई। आरोप है कि इसी बहस के दौरान सुब्रत ने चाकू से प्रसनजीत पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। स्थानीय लोग तुरंत गंभीर रूप से घायल प्रसनजीत को अस्प-ताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। खबर पाकर मोगरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक की बहन ने भी घटना को लेकर गहरा आक्रोश जताया है। उनका आरोप है कि रत्ना दास और सुब्रत के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था और पत्नी ने ही अपने प्रेमी के जरिए अपने पति की हत्या करवाई है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## विदेश की खबरें

# इमरान खान ने 17 साल कैद की सजा के बाद देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 17 साल कैद की सजा सुनाए जाने के बाद अपने समर्थकों से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। 'तोशाखाना 2' भ्रष्टाचार मामले में खान और उनकी पत्नी बुशरा को शनिवार को एक अदालत ने 17-17 साल जेल की सजा सुनाई। तिहत्तर वर्षीय खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में सत्ता से बाहर होने के बाद से उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। 'तोशाखाना 2' मामले में दंपति पर 2021 में सऊदी सरकार से मिले राजकीय उपहारों के संबंध में धोखाधड़ी करने का आरोप है। खान के 'एक्स' पर आधी रात को पोस्ट किए गए एक बयान के अनुसार, "सैन्य शैली में आए मुकदमे के फैसले" के बाद अडियाला जेल में अपने वकीलों के साथ बातचीत में, खान ने अपने समर्थकों से फैसले के बाद विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया। यह पता नहीं चल पाया है कि जेल में रहने की वजह से खान के सोशल मीडिया हैंडल तक पहुंच न होने के चलते उनकी बातचीत को उनके निजी खाते पर किसने पोस्ट किया। उन्होंने कहा, मैंने (खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री) सोहेल अफरीदी को सड़क पर आंदोलन की तैयारी करने का संदेश भेजा है। पूरे देश को अपने अधिकारों के लिए उठ खड़ा होना होगा। खान ने कहा, संघर्ष ही इबादत है, और मैं पाकिस्तान की सच्ची आजादी के लिए शहादत को गले लगाने के लिए भी तैयार हूं। उन्होंने कहा कि नवीनतम फैसला उनके लिए कोई हैरत की बात नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी कानूनी टीम से इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का अनुरोध किया। खान ने कहा, पिछले तीन वर्षों के निराधार निर्णयों और सजाओं की तरह, तोशाखाना-दो का फैसला भी मेरे लिए कोई नई बात नहीं है। यह फैसला न्यायाधीश ने बिना किसी सबूत के और कानूनी आवश्यकताओं को पूरा किए बिना जल्दबाजी में दिया है।



## मानवता की मिसाल बना युवा शक्ति संगम, कोलकाता का निःशुल्क नेत्र परीक्षण व कंबल वितरण कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा-भावना को सशक्त रूप देते हुए युवा शक्ति संगम, कोलकाता की ओर से बड़ाबाजार स्थित रूपचंद रॉय स्ट्रीट पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं दिव्यांग (नेत्रहीन)जनों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल और गरिमामय आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नागरिकों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई। आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क चश्मों के वितरण की व्यवस्था की गई, वहीं चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर जिन मरीजों में मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उनके लिए पूर्णतः निःशुल्क शल्य-चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को सुलभ, सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम युवा शक्ति संगम, कोलकाता के अध्यक्ष बिमल सिपानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐसे सेवा एवं जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम की सफलता में चेयरमैन अशोक सिंह, उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष विजय तिवारी, प्रशांत जैन, श्रीपाल पारख, राजेंद्र सिंघी, उत्तम छाजेड़, बालचंद मूंदड़ा और मुकेश सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उप-स्थित अतिथियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता, संवेदना और जनकल्याण की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास बताया।



### विरोहन ने जापान की माइनावी कॉरपोरेशन और ब्लूम वेंचर्स के नेतृत्व में 65 करोड़ रुपये की सीरीज़-बी फंडिंग हासिल की

**कोलकाता :** भारत में हेल्थकेयर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, विरोहन ने अपनी चल रही सीरीज़-बी फंडिंग के तहत 65 करोड़ रुपये (7.5 मिलियन डॉलर) जुटाए हैं, जिसका नेतृत्व मायनावी कॉर्पोरेशन ने किया है। इस निवेश दौर में विरोहन के मौजूदा निवेशकों जैसे ब्लूम वेंचर्स, भारत इनक्लूसिव टेक्नोलॉजीज़ सीड फंड और रीब्राइट पार्टनर्स ने भी भाग लिया। इस घो-षणा पर बोलते हुए, विरोहन के सीईओ कुणाल डुडेजा ने कहा: हेल्थकेयर सिस्टम कुशल पेशेवरों पर चलता है, फिर भी शिक्षा और रोजगार के बीच सही मार्ग न होने के कारण लाखों पद खाली रहते हैं। विरोहन में, हमारा मिशन उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक उद्योग भागीदार के रूप में इस अंतर को बड़े पैमाने पर पाटना है।

## दक्षिण अफ्रीका: पब में हुई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत, 10 लोग घायल

**जोहानिसबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका के एक पब में शनिवार देर रात बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा की गई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात एक बजे से ठीक पहले 'बेकर्सडेल' कस्बे में हुई, जो जोहानिसबर्ग से 46 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। दक्षिण अफ्रीका में तीन सप्ताह में गोलीबारी की यह दूसरी घटना है। पुलिस के अनुसार, एक सफेद मिनी-बस और एक सिल्वर रंग की कार में सवार लगभग 12 अज्ञात संदिग्धों ने बेकर्सडेल के टैम्बो इलाके में स्थित 'क्वान-ेक्सोलो' पब में ग्राहकों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और 10 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के मुताबिर, अज्ञात बंदूकधारियों ने सड़कों पर कुछ लोगों को निशाना बना अंधाधुंध गोलीबारी की। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन को बताया कि मृतकों में से एक ऑनलाइन कार-हा-इलिंग सेवा का चालक था, जो पब के बाहर खड़ा था। अपराध जांच विभाग ने अपराध पहचान इकाई के सहयोग से इस घटना के संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

## हादी की हत्या के मुख्य संदिग्ध के बारे में अभी तक कोई विशिष्ट जानकारी नहीं : बांग्लादेश पुलिस

**ढाका :** बांग्लादेश पुलिस ने रविवार को कहा कि युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मुख्य संदिग्ध के ठिकाने के बारे में उसके पास फिलहाल कोई "विशिष्ट जानकारी" नहीं है। यह बयान हादी की इंकलाब मंच पार्टी द्वारा शनिवार को अंतरिम सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम जारी करने के एक दिन बाद आया है, जिसमें हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी में स्पष्ट प्रगति की मांग की गई है। यूएनबी समाचार एजेंसी के अनुसार, गृह मंत्रालय में आयोजित आपातकालीन प्रेस वार्ता में अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) खांडेकर रफीकुल इस्लाम ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां गोलीबारी में शामिल बंदूकधारी फैसल करीम मसूद का



पता लगाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास फैसल के आखिरी ठिकाने के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। हमारा पुलिस बल और खुफिया एजेंसियां इसे हासिल करने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई विश्वसनीय जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि संदिग्ध देश छोड़कर भाग गया है।

# यूपी की पिछली सरकारों ने सहकारिता क्षेत्र को 'बर्बाद' किया, इसे हमने संभाला: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर राज्य के सहकारिता क्षेत्र को 'बर्बाद' करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि पिछली सरकारें 'एक जिला, एक माफिया' पालती थीं मगर वर्तमान सरकार 'एक जिला, एक सहकारी बैंक' की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित 'युवा सहकार सम्मेलन' में कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में सहकारिता विभाग की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, 'याद करिए कि 2017 से पहले हमारे जिला सहकारिता बैंकों की स्थिति क्या थी..16 बैंक ऐसे थे जो दिवालिया घोषित हो चुके थे। रिजर्व बैंक ने उनके लाइसेंस जब्त कर लिए थे लेकिन अब उत्तर प्रदेश के सहकारिता बैंक दिवालिया नहीं हैं। अब ये बैंक बीमार नहीं है, वे स्वयं तो स्वस्थ हैं ही बल्कि सहकारिता से जुड़े अपने सभी सदस्यों की और हर किसान की समृद्धि में भी योगदान दे रहे हैं।' आदित्यनाथ ने कहा, 'अच्छी सरकार आती है तो यही होता है। पिछली सरकारें एक जिला, एक माफिया पालती थीं। सहकारिता क्षेत्र तो पिछली सरकारों के माफिया राज के कारण बर्बाद हो गया था, किसान की पूंजी फंस गई थी।' उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में जिन 16 सहकारी बैंकों के लाइसेंस जब्त कर लिये गये थे, उनमें किसानों के 4,700 करोड़ रुपये फंस गये थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली मौजूदा सरकार ने धीरे-धीरे वह धन किसानों को वापस कराया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज वह पैसा भी वापस हो चुका है और बैंक भी फिर से अपना काम करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। अब हम लोग एक जिला, एक सहकारिता बैंक की दिशा में उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे हमें और आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि यह आज की आवश्यकता है।' आदित्यनाथ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा कि उनकी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं क्योंकि सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक क्षमता और आत्मनिर्भरता की गारंटी भी है। उन्होंने कहा, 'पिछले 11 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। तकनीक का उपयोग करते हुए कैसे हम अपने जीवन को सरल कर सकते हैं, भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था दे सकते हैं, डिजिटलीकरण, ई गवर्नेंस और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से आज सहकारिता क्षेत्र में भी सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित होने की कार्रवाई आगे बढ़ी है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रयास किया है कि प्रदेश में जितना भी उर्वरक, रसायन और कीटनाशक पदार्थों का वितरण होता है, उसमें से कम से कम आधा तो सहकारिता विभाग से जुड़ी साधन सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित हो, लेकिन इसके लिए समुचित श्रम शक्ति की व्यवस्था करनी होगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान के मुख्यमंत्री ने 'रन फॉर जयपुर' मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अल्बर्ट हॉल से 'रन फॉर जयपुर' मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर भी जोर दिया। शर्मा ने कहा, 'हमारा जीवन अनमोल है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि एक पल की लापरवाही जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है।

### बरेली में दो कारों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

**बरेली (उप्र):** बरेली जिले के लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास पर घने कोहरे के कारण दो कारों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात को हुआ और दुर्घटना में जान गंवाने वाले शख्स की पहचान थाना बारादरी क्षेत्र के अशोक सम्राट नगर निवासी रूपेश कुमार अग्रवाल (45) के रूप में हुई। मिश्रा ने बताया कि फरीदपुर नगर पालिका परिषद में अकाउंटेंट के पद पर तैनात अग्रवाल शनिवार रात नगर पालिका से काम निपटाकर बरेली लौट रहे थे। उनके मुताबिक, जैसे ही उनकी कार नवदिया झादा और बिथरी चैनपुर पुल के नीचे पहुंची, सामने से आ रही एक अन्य कार से उनकी गाड़ी की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। मिश्रा ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा हादसे में अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

### झारखंड : हाथियों की आवाजाही के कारण कई यात्री ट्रेनें तीन दिनों के लिए रद्द

**जमशेदपुर:** झारखंड में हाथियों की आवाजाही के कारण दक्षिण पूर्वी रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आने वाली छह से अधिक यात्री ट्रेनें 22 दिसंबर से तीन दिनों तक रद्द रहेंगी। रेलवे ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। दक्षिण-पूर्वी रेलवे की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मेमू ट्रेन सेवाएं 22 से 24 दिसंबर के बीच रद्द रहेंगी। दक्षिण-पूर्वी रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य चौधरी ने बताया कि चक्रधरपुर (झारखंड के सिंहभूम)-झारसुगुड़ा (ओडिशा) खंड के बीच रेल पटरियों के पास, विशेषकर बांदामुना में रात के समय हाथियों के झुंड की आवाजाही देखी गई है।

### झांसी में प्लास्टिक फैक्टरी और गोदाम में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**झांसी (उप्र):** झांसी जिले में प्रेमनगर के औद्योगिक क्षेत्र बिजौली में एक प्लास्टिक फैक्टरी और गोदाम में लगी आग पर करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद रविवार दोपहर तक काबू पाया जा सका। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि दमकलकर्मियों की कड़ी मेहनत के चलते आग को आसपास स्थित अन्य फैक्टरी तक फैलने से रोक लिया गया। प्रेमनगर थाना प्रभारी तुलसीराम पांडेय ने बताया कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे इलाके के बिजौली क्षेत्र स्थित साजिद खान नामक व्यापारी के प्लास्टिक स्क्रैप फैक्टरी और गोदाम में अचानक आग लग गई जिससे वहां रखे प्लास्टिक के कबाड़ के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर पहुंची दमकल विभाग की करीब चार दर्जन गाड़ियों की मदद से रविवार दोपहर तक आग पर काबू पाया लिया गया।

### झारखंड के कई जिलों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का अलर्ट, तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**रांची:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के कुछ हिस्सों में ठंड और घने कोहरे को लेकर रविवार को अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। आईएमडी के अनुसार, गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार और लोहरदगा जिलों के लिए सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक ठंड को लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। वहीं, गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद और खूंटी सहित कुल 15 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

## भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करने के आरोप में सोनौली में श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार



**महाराजगंज (उप्र):** महराजगंज जिले में सोनौली थानाक्षेत्र में अवैध रूप से घुसपैठ करने के आरोप में रविवार शाम को एक श्रीलंकाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रविवार को एक श्रीलंकाई नागरिक को वैध दस्तावेजों के बिना भारत से नेपाल में कथित तौर पर घुसपैठ करने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान केनेडी राजेंद्रम (52) के रूप में हुई है, जो सेंट जोसेफ मावथा, एताकल, नेगंबो, श्रीलंका का निवासी है। उसे भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में आज शाम सोनौली क्षेत्र में आव्रजन चौकी पर नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया। सोनौली के आव्रजन अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि उसके पास श्रीलंका का पासपोर्ट और मुद्रा थी, लेकिन कोई भारतीय वीजा या अन्य वैध दस्तावेज नहीं थे।

## बागपत में अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार



**बागपत (उप्र):** बागपत जिले में साइबर प्रकोष्ठ पुलिस ने बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों में पांच पुरुष और दो महिलाएं हैं, जो फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज कुमार राय के निर्देशन में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त फर्जी नियुक्ति पत्र और जाली एग्रीमेंट तैयार कर बैंक में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे और इसके बदले लोगों से मोटी रकम वसूलते थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान मोहित कुमार, पुनीत कुमार, वरदान, अनुज कुमार और अक्षय के तौर पर हुई है। इसीके साथ पुलिस ने दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार सुबह बागपत के थाना कोतवाली क्षेत्र से उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में थाना साइबर अपराध में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून की धारा 66डी के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, दो फर्जी सिम कार्ड, कई कूटरचित नियुक्ति पत्र व एग्रीमेंट, 15 बैंक पासबुक, दो चेक बुक, दो यूपीआई क्यूआर कोड, एटीएम कार्ड तथा 11 अन्य प्रकार के कार्ड बरामद किए हैं। लैपटॉप में देश के विभिन्न राज्यों के करीब 6,450 लोगों का डेटा भी पाया गया है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह ऑनलाइन मंच ओएलएक्स और नौकरी डॉट कॉम से संबंधित सूचनाओं का दुरुपयोग कर भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाता था।

## वास्तविक प्रगति के लिए अब सहकारिता के अलावा और कोई रास्ता नहीं : प्रभु



**लखनऊ:** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने सहकारिता को वर्तमान वैश्विक हालात में प्रगति का एकमात्र रास्ता करार देते हुए रविवार को कहा कि सहकारिता ही एक ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को एक ही साथ विकास के रास्ते पर अग्रसर कर सकता है। पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने यहां 'युवा सहकार सम्मेलन' को संबोधित करते हुए वर्तमान वैश्विक हालात में विकास के लिहाज से सहकारिता क्षेत्र की संभावनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, पूरे विश्व में सब लोग इससे चिंतित हैं कि पूंजीवाद, समाजवाद और साम्यवाद के जो ढांचे बनाये गये थे वे सभी ढांचे अभी गिर रहे हैं। अब इसमें एक ही रास्ता सबके सामने सही मायने में चलने का दिख रहा है, तो वह है सहकारिता। प्रभु ने कहा कि इसकी वजह यह है कि प्रति व्यक्ति की आय के साथ-साथ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी बढ़ना चाहिए तथा अगर कुछ पूंजीवादियों की आमदनी बढ़ती है तो जीडीपी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी की भी आय उसी हिसाब से बढ़ानी है तो सहकारिता के सिवाय और कोई रास्ता नहीं है, इसीलिए सहकारिता को लेकर आज पूरे विश्व में एक चर्चा जारी है। प्रभु ने वैश्विक स्तर पर वर्तमान आर्थिक विषमता का जिक्र करते हुए कहा, अमेरिका में एलन मस्क जैसे एक व्यक्ति की आमदनी कुछ दिनों में एक हजार अरब डॉलर तक हो जाएगी। पूरे विश्व में सिर्फ 15 राष्ट्र छोड़ दें तो किसी भी अन्य राष्ट्र की जीडीपी एक हजार डॉलर की नहीं है। ऐसी विषमता दूर करनी है तो सहकारिता के सिवा हमारे पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर हम सहकारिता को लेकर आगे चलते हैं तो देश का भी विकास होगा, व्यक्ति का भी विकास होगा और समाज का भी विकास होगा। प्रभु ने कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करना सबसे बड़ी चुनौती होगी और इसके लिये सहकारिता और कॉर्पोरेट का एक संबंध बनना चाहिये।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर रवाना,प्रधानमंत्री मोदी और राजग नेताओं से मिल सकते हैं



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को दो दिवसीय दिल्ली दौरा के लिए रवाना हुए, जहां उनके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने की संभावना है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख के करीबी सूत्रों के अनुसार, नीतीश कुमार एक महीने पहले लगातार पांचवीं बार शपथ ग्रहण करने के बाद पहली बार दिल्ली में होंगे। मोदी अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों अमित शाह और राजनाथ सिंह के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ, हिमंत विश्व शर्मा और देवेंद्र फडणवीस जैसे क्षेत्रीय दिग्गजों के साथ भव्य शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे थे। सूत्रों ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार पर चर्चा प्रमुखता से हो सकती है, और मंत्रिमंडल में विस्तार की प्रक्रिया के मकर संक्रांति के बाद शुरू होने की संभावना है। नितिन नबीन के स्थान पर एक नए मंत्री की नियुक्ति भी होनी है। नबीन ने हाल ही में भाजपा का नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। एक और मुद्दा जिस पर चर्चा हो सकती है, वह है राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे व्यक्ति (नीतीश कुमार) के इकलौते बेटे निशांत का राजनीति में प्रवेश, जिसकी काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और कुमार के करीबी सहयोगी संजय कुमार झा ने कहा था कि पार्टी के भीतर निशांत के सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने के पक्ष में प्रबल भावना है और उन्होंने उम्मीद जताई कि एकांतप्रिय 47 वर्षीय निशांत कोई निर्णय लेंगे। राज्यसभा और बिहार विधान परिषद की कुछ सीट के लिए 2026 में होने वाले चुनाव पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा में भारी बहुमत के साथ राजग कमजोर विपक्ष के कारण कई सीट जीतने की स्थिति में है।

# वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के प्रथम चरण का भव्य स्वागत के साथ समापन

- रांची के मोरहाबादी मैदान में साइक्लोथॉन दल का किया गया भव्य स्वागत
- समापन समारोह में झारखंड के पर्यटन, कला, संस्कृति व खेल मंत्री सुदिव्य कुमार रहे उपस्थित



मंत्री का स्वागत करते एनसीसी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आरके सिंह।

**रांची :** एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड द्वारा एनसीसी समूह मुख्यालय, रांची के तत्वावधान में शौर्य के कदम, क्रांति की ओर थीम पर आयोजित वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के प्रथम चरण का शनिवार को रांची के मोरहाबादी मैदान भव्य स्वागत के साथ समापन हुआ। गुरुवार को झारखंड में तीन अलग-अलग स्थानों- लातेहार, गुमला और तोर्पा से यह साइक्लोथॉन शुरू हुआ था। समापन समारोह के अवसर पर झारखंड के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रांची के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आर. के. सिंह सहित वरिष्ठ एनसीसी व सैन्य अधिकारी, राज्य के गणमान्य नागरिक, एनसीसी कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में उत्साही नागरिक उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि साइक्लोथॉन के प्रथम चरण में झारखंड के तीन प्रमुख मार्गों को कवर किया गया, जो धरती आबा वीर बिरसा मुंडा के जीवन, विरासत तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं आदिवासी समाज के सशक्तिकरण में उनके योगदान से जुड़े ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों से होकर गुजरे। इस अवसर पर मंत्री ने वीर बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्वागत समारोह के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया तथा साइक्लोथॉन की एकता एवं अनुशासन की भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया। मंत्री ने साइक्लोथॉन दल को सम्मानित किया। उन्होंने प्रतिभागियों की निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल वीर बिरसा मुंडा द्वारा प्रतिपादित साहस, दृढ़ता एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल महान जननायक की विरासत का सम्मान करते हैं, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। माननीय मंत्री ने रांची से नई दिल्ली तक प्रस्तावित अंतिम चरण के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा देशभर में एकता, सशक्तीकरण एवं सांस्कृतिक गौरव का संदेश पहुंचाएगी। मोरहाबादी मैदान में आयोजित यह स्वागत समारोह झारखंड की सांस्कृतिक विरासत पर सामूहिक गर्व का प्रतीक रहा तथा युवा एनसीसी कैडेट्स की भूमिका को रेखांकित किया, जो एकता, अनुशासन और देशभक्ति के आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं। वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का द्वितीय चरण 28 दिसंबर 2025 को रांची से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा, जो एक चुनौतीपूर्ण एवं प्रेरणादायक यात्रा होगी। यह साइक्लोथॉन 27 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री रैली में भव्य समापन के साथ संपन्न होगा, जो धरती आबा वीर बिरसा मुंडा को सर्वोच्च राष्ट्रीय मंच पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## लखनऊ एसीपी की अदालत ने सपा नेता सुमैय्या राना को शांतिभंग की आशंका के चलते तलब किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) ने मशहूर शायर मुनव्वर राना की बेटी और समाजवादी पार्टी की नेता सुमैय्या राना को शांतिभंग की आशंका के चलते नोटिस भेजकर सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) की अदालत में सोमवार को पेश होने का आदेश दिया है। कैसरबाग के सहायक पुलिस आयुक्त/कार्यपालक मजिस्ट्रेट की ओर से भेजे गए आदेश में कहा गया है कि राना ख़ुद या उनके अधिवक्ता सोमवार को उनकी अदालत में उपस्थित होकर बतायें कि एक वर्ष तक शांति बनाये रखने के लिए पांच लाख रुपये का व्यक्तिगत मुचलका बंधपत्र तथा उतनी ही धनराशि की दो प्रतिभूति क्यों न ली जाए। पुलिस के अनुसार कैसरबाग थाने की उपनिरीक्षक सीमा यादव की रिपोर्ट पर राना को यह नोटिस भेजा गया। राना ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक महिला चिकित्सक के नकाब हटाने और उनके समर्थन में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद के कथित अपमानजनक बयान को लेकर विधानसभा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आवास के घेराव का आह्वान किया।

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली को विश्व की प्रदूषण राजधानी बनने से रोकने के लिए अरावली पर्वतमाला को बचाएं: अखिलेश यादव



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को विश्व की प्रदूषण राजधानी बनने से रोकने के लिए अरावली पर्वत श्रृंखला की रक्षा करनी होगी। यादव ने चेतावनी दी कि अगर प्रदूषण की स्थिति ऐसी ही बनी रही तो दिल्ली में पर्यटन, ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन असंभव हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं है बल्कि ये तो संकल्प होना चाहिए। मत भूलिए कि अरावली बचेगी तो ही एनसीआर बचेगा। यादव ने कहा, अरावली को बचाना अपरिहार्य है क्योंकि यह दिल्ली और एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है। अरावली ही दिल्ली के ओझल हो चुके तारों को फिर से दिखा सकती है, पर्यावरण को बचा सकती है। सपा प्रमुख ने कहा कि अरावली पर्वतमाला ही दिल्ली के वायु प्रदूषण को कम करती है, वर्षा में सहायक है और अरावली से ही एनसीआर की जैव विविधता बची हुई है।

### बिहार के नवादा में आलू के लिए ट्रक चालक को परेशान करने के आरोप में 11 होम गार्ड निलंबित

**पटना:** बिहार के नवादा जिले में आलू के लिए एक ट्रक चालक को परेशान करने के आरोप में 11 होम गार्ड को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना 24 नवंबर की रात हुई थी, जब जिले के रजौली चेक-पोस्ट पर तैनात होम गार्ड ने आलू लदे वाहन के चालक को जबरन आलू देने के लिए कथित तौर पर मजबूर किया। अधिकारियों ने बताया कि चालक ने जब घटना को अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया तो कर्मियों ने उसे धक्का दिया और उसके साथ मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा के आधार पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सभी 11 होम गार्ड को निलंबित करने का आदेश दिया और उन्हें अगले आदेश तक ड्यूटी से प्रतिबंधित कर दिया। निलंबित कर्मियों की पहचान शीतल कुमार, ईश्वरी प्रसाद, जवाहर प्रसाद, कन्हैया कुमार, आतिश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, महेश कुमार, रणधीर कुमार, सुधीर कुमार, श्री यादव और मनोज कुमार के रूप में हुई है।

### बरेली में भीषण ठंड में थैले में मिला नवजात शिशु, अस्पताल में भर्ती

**बरेली :** बरेली के बारादरी थानाक्षेत्र में बंद थैले में कपड़े में लिपटा हुआ एक नवजात शिशु पाया गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया । पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बारादरी थानाक्षेत्र में रोहेलखंड चौकी के निकट एक पीपल के पेड़ के नीचे बंद थैले में नवजात शिशु कपड़े में लिपटा हुआ मिला, जिसके बाद उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को रात लगभग आठ बजे पुलिस टीम को गश्त के दौरान बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। टीम ने बच्चे को थैले से निकाल कर तत्काल परमेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया। तत्पश्चात 'चाइल्ड हेल्पलाइन 1098' को सूचना दी गई । चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम अस्पताल पहुंची तथा बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी ली। थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडे ने बताया कि रविवार को बच्चे को थाने के माध्यम से 'चाइल्ड लाइन' को सौंप दिया गया, जिसके बाद बच्चे को जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया है।

### गुरुग्राम में सातवीं कक्षा की छात्रा से कई महीने तक बलात्कार, बच्चे को दिया जन्म; आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम :** गुरुग्राम में बलात्कार पीड़िता 15 वर्षीय एक किशोरी ने एक बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सातवीं कक्षा की छात्रा ने सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने एक निजी कंपनी में काम करने वाले 34 वर्षीय आरोपी राजेश को दिसंबर 2024 और मार्च के बीच किशोरी से कई बार बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से रात के तापमान में बढ़ोतरी

**जयपुर:** राजस्थान में तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, हालांकि अधिकतर स्थानों पर रात का तापमान अब भी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। कई दिनों की कड़ाके की ठंड के बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार को 5.4 डिग्री सेल्सियस था। सीकर में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि एक दिन पहले यह 5.8 डिग्री सेल्सियस था। चूरू में रात का तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार को 7.6 डिग्री सेल्सियस था। चित्तौड़गढ़ में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस और पिलानी (झुंझुनू) में नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि सिरोही में रात का तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बारां जिले के अंता में यह 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य की राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछली रात की तुलना में करीब दो डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी हवाओं के प्रभाव से 24 दिसंबर से तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। साथ ही, राज्य के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 23 और 24 दिसंबर को घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

## गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ की कार के पास गाय पहुंची, सुरक्षा चूक को लेकर एक निगम कर्मी निलंबित



**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर दौरे के समय कथित तौर पर सुरक्षा में चूक होने पर संबंधित नगर निगम पर्यवेक्षक को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी पुष्टि की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री गोरखनाथ ओवरब्रिज का उद्घाटन करने पहुंचे थे और कार से उतरने के कुछ ही क्षण बाद एक गाय उनकी गाड़ी के पास पहुंच गई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री की कार कार्यक्रम स्थल पर रुकी और भाजपा के स्थानीय सांसद रवि किशन सबसे पहले उतरे, उसके बाद आदित्यनाथ उतरे। मुख्यमंत्री के उतरते ही कुछ ही सेकंड में एक गाय गाड़ी की ओर दौड़ी और उनकी तरफ बढ़ने लगी। सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत घेरा बनाकर गाय को रोका और उसे भगा दिया, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना की प्रारंभिक जांच में नगर निगम पर्यवेक्षक अरविंद कुमार की लापरवाही पाई गई है, जिन्हें निलंबित कर दिया गया है। वह क्षेत्र में नगर निगम व्यवस्था की निगरानी के लिए जिम्मेदार थे। रविवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई जिसके बाद यह घटना सामने आई। तब नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरावल ने यह पता लगाने के लिए आंतरिक जांच के आदेश दिए कि गाय ने सुरक्षा घेरा कैसे तोड़ दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में ट्रेन की चपेट में आकर मरने वाले हाथियों की संख्या बढ़कर आठ हुई

**नगांव (असम) :** असम के होजाई जिले में ट्रेन की चपेट में आकर मरने वाले हाथियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हाथी के गंभीर रूप से घायल बच्चे की रविवार को मौत होने से इस हादसे में मरने वाले हाथियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। असम में होजाई जिले के चांगजुराई गांव में शनिवार तड़के हाथियों के एक झुंड के सैरांग–नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से सात हाथी मारे गए थे और एक घायल हो गया था। नगांव उपमंडल के वन रेंजर शमीम अख्तर ने कहा कि इस दुर्घटना में हाथी के घायल हुए बच्चे की काजीरंगा स्थित वन्यजीव पुनर्वास एवं संरक्षण केंद्र

### छत्तीसगढ़ में दुर्घटनावश चली गोली लगने से डीआरजी जवान की मौत

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में रविवार को दुर्घटनावश चली गोली लगने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह कडेनार शिविर में उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का एक दल नक्सल प्रभावित छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के जंगल में चलाए गए अभियान से लौट रहा था। उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को शुरू किया गया था। अभियान के बाद गश्ती दल तड़के शिविर में पहुंचा और जब सुरक्षाकर्मी एक वाहन में चढ़ रहे थे तभी गलती से एक हथियार से गोली चल गई।

### दिल्ली हवाई अड्डा : कोहरे के कारण 110 उड़ानें रद्द, 370 से अधिक में देरी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण कुल 110 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे पर 59 आगमन और 51 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गईं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध नवीनतम जानकारी के अनुसार, 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ और हवाई अड्डे पर उड़ानों के प्रस्थान में औसतन लगभग 26 मिनट की देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक डीआईएएल ने शाम को एक पोस्ट में कहा कि परिचालन सुचारू रूप से जारी है। डीआईएएल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) का संचालन करता है, जो देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है और आमतौर पर प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का परिचालन करता है।

### प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म 'मां वंदे' की शूटिंग शुरू

**नयी दिल्ली :** मलयालम अभिनेता उन्नी मुकुंदन अभिनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म 'मां वंदे' की शूटिंग शुरू हो गई है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह फिल्म एक मजबूत जीवनीात्मक नाटक है जो भारतीय मिट्टी, मां की इच्छाशक्ति और उस अडिग संकल्प का जश्न मनाती है जिसने राष्ट्र का भविष्य बनाया।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है कांग्रेस, अवैध प्रवासियों को असम में बसाना चाहती है: मोदी

**नामरूप :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ''राष्ट्रविरोधी'' गतिविधियों में लिप्त है और असम में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को बसाने में मदद कर रही है। असम में डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में 10,601 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने यहां पुराने संयंत्र को आधुनिक बनाने और किसानों की समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है। वह अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को असम में बसाने की कोशिश कर रही है। वह केवल अपना वोटबैंक मजबूत करना चाहती है। जनता की उसे कोई परवाह नहीं है।'' उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी पार्टी का असमिया लोगों की पहचान, अस्तित्व और गौरव से कोई लेना–देना नहीं है, जिसे भाजपा ने बचाने की कोशिश की है। मोदी ने कहा, कांग्रेस मतदाता सूची में संशोधन का विरोध कर रही है क्योंकि वह केवल सत्ता हथियाना चाहती है... वह मेरे अच्छे कार्यों का विरोध करती है... भाजपा सरकार हमेशा असमिया लोगों की पहचान, भूमि, गौरव और अस्तित्व की रक्षा के लिए काम करती रहेगी। असम दौरे के दूसरे और अंतिम दिन रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस देश को इस कदर नुकसान पहुंचाया है कि पिछले 11 वर्षों से उन गलतियों को ''सुधारने'' के बावजूद, बहुत सा काम अब भी बाकी है। मोदी ने कहा, जब हमारी सरकार ने डॉ. भूपेन हजारिका को भारत रत्न से सम्मानित किया, तो कांग्रेस ने खुले तौर पर इस निर्णय का विरोध किया।




### डिब्रूगढ़ में 10,601 करोड़ रुपये के उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखी, 2030 तक शुरू होगी इकाई

नामरूप : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में 10,601 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 'ब्राउनफील्ड अमोनिया–यूरिया संयंत्र' की आधारशिला रखी और इस बात पर जोर दिया कि इससे क्षेत्र में औद्योगिक प्रगति का एक नया अध्याय शुरू होगा। असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीसीएल) की वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन होगी और इसका संचालन 2030 में शुरू होने की उम्मीद है। मोदी ने अपने दो दिवसीय असम दौरे के अंतिम दिन यहां ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के मौजूदा परिसर में संयंत्र की आधारशिला रखी।

## आरएसएस भारतीय सांख्यिकी संस्थान पर संस्थागत रूप से कब्जा कर रहा : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय सांख्यिकी संस्थान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा ''धीरे–धीरे संस्थागत रूप से अपने कब्जे में लिया जा रहा है।'' लोकसभा में विपक्ष के नेता ने जोर देकर कहा कि संस्थानों का संचालन किसी विचारधारा द्वारा नहीं, बल्कि ज्ञान और विज्ञान द्वारा किया जाएगा। राहुल गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन परिसर में स्थित अपने कार्यालय में, भारतीय सांख्यिकी संस्थान के छात्रों के साथ हुई हालिया बातचीत का एक वीडियो अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया। गांधी ने वीडियो के साथ किये अपने पोस्ट में कहा, ''मैंने 'जन संसद' में भारतीय सांख्यिकी संस्थान के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने उन्हीं गंभीर चिंताओं को दोहराया जो देश भर के अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र और शिक्षक लगातार उठाते आ रहे हैं। छात्रों ने बताया कि आरएसएस धीरे–धीरे संस्थागत रूप से भारतीय सांख्यिकी संस्थान पर कब्जा कर रहा है।'' संसद सत्र के दौरान, राहुल गांधी विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ संवाद करते हैं और इसे 'जन संसद' नाम दिया गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोई साधारण संस्था नहीं है – यह सांख्यिकी, गणित, अर्थशास्त्र, डेटा विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान और नीति–निर्माण के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शोध करता है और इसने देश के लिए विश्व स्तरीय विशेषज्ञ तैयार किए हैं।''

## 1971 की जंग लड़ने वाली सैन्य बटालियन बांग्लादेश अशांति के बीच त्रिपुरा में तैनात की गई: साहा

**अगरतला :** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को कहा कि 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में लड़ने वाली सेना की एक बटालियन को पड़ोसी बांग्लादेश में बढ़ती अशांति के मद्देनजर उनके राज्य में तैनात किया गया है। भाजपा के कानूनी प्रकोष्ठ के एक कार्यक्रम में साहा ने कहा, ''मैं बांग्लादेश में हो रही घटनाओं और दिल्ली पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में जमीनी हकीकत की रिपोर्ट भेज रहा हूं। भारतीय सेना की जिस बटालियन ने मुक्ति वाहिनी को प्रशिक्षण दिया था और 1971 के युद्ध में भाग लिया था, वह अब राज्य में तैनात है।'' वर्ष 1971 के युद्ध के दौरान, भारतीय सेना की पर्वतीय डिवीजनों, विशेष रूप से 20वीं पर्वतीय डिवीजन (33वीं कोर), तथा आठवीं, छठी और चौथी पर्वतीय डिवीजन ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। साहा ने कहा, ''लोग कह रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई सेना नहीं है। लेकिन आजकल युद्ध लड़ने के लिए भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है। दुश्मनों को नष्ट करने के लिए एक क्लिक ही काफी है, जैसा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दिखाया गया।''

## महाराष्ट्र: भाजपा नीत महायुति ने स्थानीय निकाय चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया



**मुंबई :** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने रविवार को 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव में शानदार जीत हासिल करते हुए इन स्थानीय निकायों में अध्यक्ष के 207 पदों पर कब्जा जमा लिया। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) 44 सीट ही हासिल कर सकी। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने रात में अंतिम आंकड़े साझा किए। एसईसी के अनुसार, भाजपा ने नगर निगम अध्यक्ष के 117 पद जीते, शिवसेना ने 53 और राकांपा ने 37 पद जीते। वहीं, एमवीए के घटक दल कांग्रेस को 28, राकांपा (एसपी) को सात और शिवसेना (उबाठा) ने अध्यक्ष के नौ पदों पर जीत दर्ज की। राज्य निवार्चन आयोग के अनुसार, पंजीकृत अन्य पार्टियों ने चार सीट हासिल की, गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत दलों ने नगर अध्यक्ष के 28 पदों पर जीत दर्ज की। पांच सीट निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में गई।

### मोदी ने निकाय चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन को समर्थन देने के लिए महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद दिया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को समर्थन देने के लिए महाराष्ट्र की जनता को रविवार को धन्यवाद दिया और कहा कि यह जनकेंद्रित विकास में उनके विश्वास को दर्शाता है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''महाराष्ट्र विकास के साथ मजबूती से खड़ा है। नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव में भाजपा और महायुति को आशीर्वाद देने के लिए महाराष्ट्र की जनता का आभारी हूं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह जनकेंद्रित विकास के हमारे दृष्टिकोण में विश्वास को दर्शाता है। हम राज्य भर के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नयी ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' मोदी ने जमीनी स्तर पर किए गए अथक परिश्रम के लिए भाजपा और महायुति के पदाधिकारियों की सराहना की।

### कोयला आवंटन मामले में याचिकाकर्ता रहे एम.एल. शर्मा का निधन

**नयी दिल्ली :** कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला मामले समेत कई मामलों में याचिकाएं दायर करने वाले वकील मनोहर लाल शर्मा का निधन हो गया है। पारिवारिक सूत्र ने बताया कि शर्मा (69) का 19 दिसंबर को गुर्दे की बीमारी के कारण निधन हो गया। साल 2014 में एक ऐतिहासिक फैसले में, उच्चतम न्यायालय ने 1993 से 2009 के बीच हुए कोयला आवंटन को अवैध, मनमाना, गैर–पारदर्शी और प्रक्रिया रहित बताया था। शर्मा ने अनुच्छेद 370, पेगासस स्पायवेयर और राफेल समेत कई मामलों में जनहित याचिकाएं दायर की थीं। उन्होंने 2012 में दिल्ली में निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले में एक आरोपी का बचाव भी किया था।

## कश्मीर में बर्फबारी और बारिश, उत्तर भारत में कोहरे का प्रकोप

**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत में रविवार को कहीं कड़ाके की ठंड ने लोगों को ठिठुराया तो कहीं कोहरे की घनी चादर ने रफ्तार थाम दी। उत्तर भारत के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के कारण जम्मू–कश्मीर में पारा लुढ़क गया जबकि पंजाब व हरियाणा में ठंड का प्रकोप बढ़ गया और दिल्ली व उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार तक जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और उत्तरपूर्वी हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और कुछ स्थानों पर बारिश के साथ–साथ बर्फ गिरने का अनुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार, प्रमुख मौसम निगरानी केंद्रों में शामिल पालम में शानिवार रात 10 बजे से रविवार दोपहर 12:30 बजे के बीच मध्यम कोहरे के कारण दृश्यता सबसे कम 300 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि हल्के कोहरे के कारण दृश्यता बढ़कर 600 मीटर हो गई लेकिन पूर्व–दक्षिणपूर्वी दिशा से सात किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के कारण फिर से 350 मीटर तक गिर गई। मौसम विभाग के मुताबिक, सफदरजंग में देर रात डेढ़ बजे से ढाई बजे के बीच मध्यम कोहरे के कारण दृश्यता सबसे कम 200 मीटर तक गिर गई।

### बर्फबारी के कारण मुगल और सिंथन टॉप मार्ग बंद

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम हिमपात होने के कारण रविवार को मुगल मार्ग और सिंथन टॉप मार्ग पर आवाजाही रोक दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये दोनों सड़कें कश्मीर जाने के लिए वैकल्पिक रास्ते के तौर पर इस्तेमाल होती हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (270 किमी) पर रुक–रुक कर बारिश होने के बावजूद गाड़ियों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी रही।

## भारतीय नौसेना 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू' का फरवरी 2026 में करेगी आयोजन

**विशाखापत्तनम :** भारतीय नौसेना सामूहिक समुद्री सुरक्षा और नौसैनिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 15 से 25 फरवरी, 2026 तक विशाखापत्तनम में 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू' (आईएफआर) की मेजबानी करेगी। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास और हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी के तहत नौसेना प्रमुखों का सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन एस वेंकटेश कुमार ने कहा कि आईएफआर–2026 महज एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि अंतर संचालनीयता बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा के लिए उभरते खतरों से निपटने के लिए एक व्यावहारिक मंच है। कमांडिंग ऑफिसर कुमार ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''किसी भी देश की नौसेना अकेले समुद्रों की सुरक्षा नहीं कर सकती। फरवरी में आयोजित होने वाला आईएफआर–2026 सामूहिक प्रतिक्रियाओं, साझा प्रक्रियाओं और समन्वित नौसैनिक कार्रवाई की आवश्यकता को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि इन आयोजनों से सामूहिक समुद्री सुरक्षा और नौसैनिक सहयोग को मजबूती मिलेगी। आईएफआर का आयोजन विशाखापत्तनम में दूसरी बार किया जाएगा। इससे पहले इसका आयोजन 2016 में हुआ था। इस समुद्री सम्मेलन में 100 से अधिक देश अपने जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और प्रतिनिधिमंडलों के साथ भाग लेंगे, जो वैश्विक नौसैनिक शक्ति, सहयोग और भारत के विस्तारित समुद्री दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगा।

## ऐतिहासिक उपलब्धि: पहली बार एफसीआई फूडग्रेन फ्रेट रेक अनंतनाग पहुंची




**नयी दिल्ली :** जम्मू–कश्मीर की खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक एतिहासिक कदम उठाया गया है। फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा प्रायोजित पहली फूडग्रेन फ्रेट रेक शनिवार को अनंतनाग गुड्स टर्मिनल पहुंची। इसके साथ ही कश्मीर घाटी में रेल मार्ग से सीधे खाद्यान्न आपूर्ति की औपचारिक शुरुआत हो गई। यह मालगाड़ी पंजाब के अजीतवाल स्टेशन से रवाना हुई थी, जिसमें 21 बीसीएन वैगनों में करीब 1,384 टन आवश्यक खाद्यान्न लदा हुआ था। रेक लगभग 11:30 बजे अनंतनाग अपने गंतव्य पर पहुंची। यह उपलब्धि जम्मू–कश्मीर की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है। अब तक घाटी में खाद्यान्न की आपूर्ति मुख्य रूप से सड़क मार्ग के जरिए होती थी, जो पहाड़ी क्षेत्रों में खराब मौसम, बर्फबारी और भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाती थी। रेल मार्ग से थोक खाद्यान्न परिवहन शुरू होने से आपूर्ति प्रणाली अधिक भरोसेमंद, सुदृढ़ और समयबद्ध होगी। यह पहल विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जब राष्ट्रीय राजमार्गों के बंद होने से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर असर पड़ता है। ऐसे समय में रेल परिवहन घाटी के लोगों के लिए एक मजबूत जीवन रेखा साबित होगा। एफसीआई और भारतीय रेलवे के संयुक्त प्रयास से खाद्यान्न परिवहन की लागत में कमी आएगी और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे कश्मीर घाटी में खाद्य सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जिनेवा स्थित भारत के स्थायी मिशन में दो करोड़ रुपये की हेराफेरी, सीबीआई ने मामला दर्ज किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जिनेवा स्थित भारत के स्थायी मिशन में तैनात एक पूर्व लेखा अधिकारी द्वारा दो लाख स्विस फ्रैंक (लगभग दो करोड़ रुपये) से अधिक की धोखाधड़ी की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि उसने इस राशि का इस्तेमाल अपने क्रिप्टो–जुआ कारोबार को वित्तपोषित करने के लिए किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मोहित ने 17 दिसंबर, 2024 को जिनेवा स्थित स्थायी मिशन में सहायक अनुभाग अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला था और उन्हें यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड (यूबीएस) में भुगतान निर्देशों को व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जहां मिशन के खाते में राशि अमेरिकी डॉलर और स्विस फ्रैंक (सीएचएफ) में जमा की जाती है। उन्होंने बताया कि यह विसंगति सीएचएफ खाते में पाई गई। मिशन ने स्विस वेंडर को उनके चालानों के आधार पर सीएचएफ में भुगतान किया, जिन पर वेंडर के बैंक और चालान विवरण को कोडित करने वाले पूर्व–मुद्रित क्यूआर कोड थे। अधिकारियों के मुताबिक क्यूआर कोड की भौतिक प्रति, डीडीओ तुषार लकरा द्वारा हस्ताक्षरित भुगतान निर्देश पर्चियां, आवश्यक भुगतान करने के लिए यूबीएस को जमा की जाती हैं।

## वाजपेयी ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटल प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक भारत को गढ़ा : उपराष्ट्रपति




**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनके सशक्त नेतृत्व, सुशासन और सैद्धांतिक दृढ़ता के लिए याद करते हुए उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि वाजपेयी ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटल प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक भारत को आकार दिया। राधाकृष्णन ने इंदौर में अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह में कहा,अटलजी एक विराट व्यक्तित्व थे जिन्होंने सत्यनिष्ठा, बौद्धिकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटल प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक भारत को आकार दिया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी की महान विरासत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं और वह वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में दृढ़ता से अग्रसर हैं। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 25 दिसंबर 1924 को जन्मे वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाई जाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वाजपेयी हमेशा संवाद, समावेशी विकास और सशक्त, लेकिन मानवीय शासन में विश्वास रखते थे। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के आदर्श आज भी देश को प्रेरित करते हैं और वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक प्रकाशपुंज की तरह हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि वाजपेयी ने सांसद, कवि और प्रधानमंत्री के रूप में शालीनता और गरिमा के साथ सार्वजनिक विमर्श को ऊंचाई प्रदान की।

## इसरो के एलवीएम3 मिशन के तहत 24 दिसंबर को प्रक्षेपित किया जाएगा अगली पीढ़ी का संचार उपग्रह

**श्रीहरिकोटा :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आगामी 'एलवीएम3 एम6 मिशन' के तहत 24 दिसंबर को 'ब्लू बर्ड ब्लॉक–2' उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया जाएगा। यह मिशन अमेरिका में स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के साथ हुए वाणिज्यिक समझौते का हिस्सा है। इस ऐतिहासिक मिशन के तहत अगली पीढ़ी के संचार उपग्रह को तैनात किया जाएगा, जिसे दुनिया भर में सीधे स्मार्टफोन तक हाई–स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है। एएसटी स्पेसमोबाइल (एएसटी एंड साइंस, एलएलसी) पहला और एकमात्र अंतरिक्ष–आधारित सेलुलर ब्रॉडबैंड नेटवर्क विकसित कर रहा है, जो सीधे स्मार्टफोन के माध्यम से सुलभ है और वाणिज्यिक व सरकारी दोनों अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''हम आज लगभग छह अरब मोबाइल उपभोक्ताओं को हो रही 'कनेक्टिविटी' की समस्या को दूर करने और उन अरबों लोगों तक ब्रॉडबैंड सुविधा पहुंचाने के मिशन पर हैं जो अब भी इंटरनेट से जुड़े नहीं हैं।''

# अरावली में खनन पर सख्ती बरकरार, 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र अब पूरी तरह संरक्षित : भूपेंद्र यादव




### केंद्रीय मंत्री ने कहा... 'सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कुछ यूट्यूबरों ने फैलाया भ्रम'

**कोलकाता, समाज्ञा :** अरावली पर्वतमाला को लेकर चल रही चर्चाओं और भ्रम पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को स्पष्ट कहा कि वहां किसी भी तरह के खनन की कोई छूट नहीं दी गई है और न ही दी जाएगी। बंगाल के सुंदरबन में एक बैठक के बाद मंत्री ने कहा कि अरावली की पहाड़ियों को कुछ नहीं होने वाला है और वहां सख्ती बरकरार है। उन्होंने कहा कि अरावली में 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र अब पूरी तरह संरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम के आदेश के अनुसार, दो प्रतिशत से कम हिस्से में ही खनन हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कुछ यूट्यूबरों ने गलत तरीके से भ्रम फैलाया है। यादव ने बताया कि अरावली पर्वतमाला चार राज्यों (दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात) में फैली हुई है। अरावली का क्षेत्र 39 जिलों में विस्तारित है। उन्होंने कहा कि अरावली को लेकर कानूनी प्रक्रिया कोई नई नहीं है, बल्कि 1985 से इस पर याचिकाएं चल रही हैं। इन याचिकाओं का मूल उद्देश्य अरावली क्षेत्र में खनन पर सख्त और स्पष्ट नियम लागू करना रहा है, जिसका सरकार पूरी तरह समर्थन करती है। यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चारों राज्यों को निर्देश दिए हैं कि अरावली की एक समान परिभाषा तय की जाए ताकि किसी भी राज्य में अलग–अलग व्याख्या के आधार पर नियमों का उल्लंघन न हो सके। इसी दिशा में सरकार ने स्पष्ट और वैज्ञानिक परिभाषा तय की है। उन्होंने 100 मीटर के सुरक्षा क्षेत्र को लेकर फैले भ्रम पर भी खुलकर बात की। मंत्री ने कहा कि कुछ लोग यह गलत प्रचार कर रहे हैं कि 100 मीटर का मतलब पहाड़ी के ऊपर से नीचे की खुदाई की अनुमति है। उन्होंने साफ किया कि यह पूरी तरह गलत है। उनके अनुसार, 100 मीटर की सुरक्षा सीमा पहाड़ी के बाटम यानी जिस स्थान तक पहाड़ी का आधार फैला होता है, वहां से मानी जाती है यानी पहाड़ी के नीचे से 100 मीटर तक का पूरा इलाका संरक्षित रहेगा। वहां किसी भी तरह की खुदाई या गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। यादव ने आगे बताया कि अगर दो अरावली पहाड़ियों के बीच सिर्फ 500 मीटर का ही अंतर है तो वह पूरी जमीन भी अरावली रेंज का हिस्सा मानी जाएगी। यानी केवल पहाड़ ही नहीं, बल्कि उनके बीच की भूमि भी संरक्षण के दायरे में आएगी। मंत्री ने कहा कि इस परिभाषा के लागू होने के बाद अरावली का 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र में आ चुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अरावली क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक है। सरकार पिछले दो साल से ग्रीन अरावली पहल चला रही है। हम ग्रीन अरावली के लिए प्रतिबद्ध हैं। यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का मकसद किसी तरह का विकास रोकना नहीं, बल्कि प्राकृतिक विरासत, पर्यावरण संतुलन और भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और वैज्ञानिक मानकों के आधार पर तय की गई यह परिभाषा अब भ्रम की सभी गुंजाइश खत्म करती है। इससे न केवल अवैध खनन पर लगाम लगेगी, बल्कि अरावली को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर भी सख्त रोक लगेगी।

### असम में रेल पटरियों पर हाथियों की मौत पर केंद्र ने मांगी है रिपोर्ट : भूपेंद्र यादव

#### वन मंत्री ने सभी राज्यों को रेल पटरियों के किनारे हाथियों की आवाजाही पर नजर रखने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को कहा कि केंद्र ने असम के होजाई जिले में एक दिन पहले ट्रेन की चपेट में आने से सात हाथियों की मौत पर रिपोर्ट मांगी है। यादव ने यह भी कहा कि सभी राज्यों को रेल पटरियों के किनारे हाथियों की आवाजाही पर नजर रखने को कहा गया है। बंगाल के सुंदरबन में 'प्रोजेक्ट एलिफेंट' और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की बैठक के बाद यादव ने पत्रकारों से कहा कि रेलवे अधिकारियों को पटरियों के किनारे हाथियों की आवाजाही के संबंध में राज्यों के वन विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोको पायलट (ट्रेन चालकों) और वन अधिकारियों के बीच समन्वय आवश्यक है। असम के होजाई जिले में शनिवार तड़के हाथियों के एक झुंड के सैरांग–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से आठ हाथी मारे गए और एक घायल हो गया। इस दौरान ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन भी पटरी से उतर गए। मंत्री ने कहा कि जिलाधिकारियों को राजमार्गों पर हाथियों की आवाजाही के बारे में वन विभागों को अद्यतन जानकारी देते रहने के लिए भी कहा गया है। यादव ने कहा कि असम और देश के वे सभी इलाके जहां हाथियों का प्रवास और पटरियां मौजूद हैं, वहां मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) और स्थानीय लोगों को हितधारक बनाकर टीम गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि हाथियों के लिहाज से देश में करीब ऐसे 1,100 दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं, जहां इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए निवारक उपाय किए जा रहे हैं।

## एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के लिए रिकॉर्ड 59वां गोल करके रोनाल्डो की बराबरी की



**बार्सिलोना:** स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने 27वें जन्मदिन पर साल 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल करके एक साल में सबसे अधिक गोल करने के क्लब रिकॉर्ड की बराबरी की, जो कि अब तक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज था। फ्रांस के स्ट्राइकर एमबाप्पे के लिए यह उपलब्धि हासिल करना लगभग असंभव रहा था, क्योंकि रियाल मैड्रिड का यह इस साल का आखिरी मैच था। एमबाप्पे ने हालांकि मैच खत्म होने से चार मिनट पहले पेनल्टी किक को गोल में बदलकर रोनाल्डो की बराबरी की जिससे रियाल मैड्रिड ने सेविला पर 2-0 से जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने 2013 में यह रिकॉर्ड बनाया था। एमबाप्पे ने रिकॉर्ड गोल करने के बाद रोनाल्डो के अंदाज में ही जश्न मनाया।

# मांडविया ने 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' की पहली वर्षगांठ के समारोह का नेतृत्व किया

**पुडुचेरी:** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को यहां 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' पहल की पहली वर्षगांठ के समारोह का नेतृत्व किया जिसमें 1,500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और यहां रॉक बीच पर साइकिल चलाई। भारत के पूर्व हॉकी गोलकीपर पी आर श्रीजेश और टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल भी इस साइकिल रैली का हिस्सा बने। इस रैली में स्कूली बच्चों, नमो साइक्लिंग क्लब के सदस्यों और पुडुचेरी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित विभिन्न आयु वर्ग और विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों ने भाग लिया। खेल मंत्रालय के अनुसार, 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' पहल पिछले एक साल में देश भर के 700 से अधिक जिलों में दो लाख स्थानों पर आयोजित की गई जिसमें वर्ष भर में 20 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। मांडविया ने कहा, ''जब हमने एक साल पहले इस पहल



की शुरुआत की थी, तब इसका आयोजन केवल पांच स्थानों पर लगभग 500 प्रतिभागियों के साथ किया जाता था। लेकिन अब प्रत्येक रविवार को देश भर में 10,000 से अधिक स्थानों पर इसका आयोजन होता है जिसमें 10 लाख से अधिक नागरिक नियमित रूप से भाग लेते हैं।' यहां आयोजित समारोह में जुम्बा, कैरम, शतरंज, मल्लखंब, सिलंबम, योग, रस्सी कूद जैसी गतिविधियां भी शामिल थीं। देश के 10,000 से अधिक स्थानों पर रविवार को इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन स्थानों में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और खेलो इंडिया केंद्र, हजारीबाग, कारगिल, पटियाला, लखनऊ, गोलाघाट, राजनांदगांव, हिसार, तिनसुकिया, विशाखापत्तनम, काशीपुर, कटक आदि शामिल हैं। मांडविया ने कहा, 'अब से प्रत्येक महीने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साइकिल चालकों पर फिट इंडिया मोबाइल ऐप से नजर रखी जाएगी और शीर्ष तीन पर रहने वाले चालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसका उद्देश्य आम नागरिक को साइकिलिंग को दैनिक आदत के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और पुरस्कृत करना है।' इस अवसर पर श्रीजेश ने कहा, 'फिट रहना पदक जीतने के लिए प्रशिक्षण लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोजमर्रा की जिंदगी में अनुशासन और संतुलन बनाने से भी जुड़ा है। साइकिल चलाना एक आदत है, लेकिन जब इसे सामूहिक रूप से अपनाया जाता है तो यह एक स्वस्थ समाज और एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करता है। मुझे खुशी है कि केंद्रीय खेल मंत्री की 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' पहल ने फिटनेस को एक जन आंदोलन में बदल दिया है।'

# भारतीय फुटबॉल के लिए निराशा से भरा रहा वर्ष 2025



**नयी दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल के लिए वर्ष 2025 निराशा से भरा रहा जिसमें उसे गंभीर प्रशासनिक संकट, अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं, घरेलू लीग के अभाव और सीनियर पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से जूझना पड़ा। जैसे-जैसे साल खत्म होने लगा लियोनेल मेस्सी के बहुचर्चित 'जीओएटी इंडिया टूर' ने कुछ दिलचस्पी पैदा की और इस खेल को लेकर कुछ चर्चा शुरू करने पर मजबूर किया। लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल को कुछ फायदा हुआ होगा ऐसा नहीं लगता है। भारतीय फुटबॉल की अपनी समस्याएं ही कम नहीं थी और ऐसे में मेस्सी के दौरे के पहले दिन साल्ट लेक स्टेडियम में फैली अराजकता और अव्यवस्था ने शर्मिंदगी को और बढ़ा दिया। भारतीय फुटबॉल के गढ़ कहे जाने वाले कोलकाता में कानून-व्यवस्था का बिगड़ना भले ही अच्छी खबर न हो, लेकिन हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में मेस्सी के कार्यक्रम अच्छी तरह से आयोजित किए गए। इस साल भारत की सीनियर पुरुष टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। उसे ढाका में नवंबर में खेले गए 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। यह बांग्लादेश के खिलाफ पिछले 22 वर्षों में उसकी पहली पराजय थी। भारतीय टीम वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस साल वह कुछ जीत हासिल करने में कामयाब रही, जिसमें सितंबर में मध्य एशियाई देशों ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक जीतना भी शामिल है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मैचों में भारत अपेक्षित प्रदर्शन करने में विफल रहा और 2011 के बाद पहली बार एशियाई कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका, जिससे टीम फीफा रैंकिंग में और नीचे खिसक गई। बांग्लादेश के अलावा भारतीय पुरुष टीम को हांगकांग और सिंगापुर जैसी कम रैंकिंग वाली टीमों से भी हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर से 1-2 से मिली हार ने एशियाई कप में प्रवेश करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जहां एक ओर पुरुष टीम मैदान पर संघर्ष कर रही थी वहीं दूसरी ओर प्रशासक मैदान के बाहर की समस्याओं से जूझ रहे थे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) का रिलायंस के स्वामित्व वाली फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के साथ पिछला अनुबंध आठ दिसंबर को समाप्त हो गया। इसके बाद वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए एक नया वाणिज्यिक भागीदार नहीं जुटा पाया जिससे इस खेल पर संकट पैदा हो गया। यही वजह है कि देश की सर्वोच्च फुटबॉल लीग आईएसएल अभी तक शुरू नहीं हो पाई है जबकि सामान्य परिस्थितियों में उसे शुरू हुए अब तक तीन महीने हो गए होते। प्रायोजक पीछे हट रहे हैं, क्लबों ने अपने संचालन को रोक दिया है और खिलाड़ी एक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं, जबकि एआईएफएफ इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रत्येक हितधारक से गुहार लगाई थी। वर्तमान समय में जो स्थिति बनी हुई है उसे देखते हुए घरेलू लीग के भविष्य पर गंभीर संदेह मंडरा रहा है। इस वर्ष उच्चतम न्यायालय में लगातार सुनवाई हुई और संकट के समाधान के लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय ने हस्तक्षेप किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी स्थिति की गंभीरता को दर्शाते हुए भारतीय फुटबॉल के सभी हितधारकों से देश में खेल के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस खेल में छाई निराशा के बीच महिला राष्ट्रीय टीमों और जूनियर टीमों ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया, जिससे बेहतर भविष्य की उम्मीदें जगी हैं। महिला टीम ने जुलाई में थाईलैंड के चियांग माई में एएफसी महिला एशियाई कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करके इतिहास रचा। भारतीय महिला टीम पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि में भारतीय महिला लीग की मौजूदा चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी, एएफसी महिला चैंपियंस लीग में मुख्य ड्रॉ का मैच जीतने वाली देश की पहली टीम बनी। जहां तक जूनियर टीमों का सवाल है तो भारतीय टीम ने श्रीलंका में खेले गए एसएएफएफ अंडर-17 चैंपियनशिप में अपना सातवां खिताब जीता। उसने फाइनल में बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीत हासिल की।

## भारत को हराकर पाकिस्तान बना अंडर-19 एशिया कप चैंपियन



**बार्सिलोना:** दुबई: समीर मिन्हास के शानदार शतक और तेज गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के एकतरफा फाइनल में भारत को 191 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह पाकिस्तान का दूसरा अंडर-19 एशिया कप खिताब है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने आठ विकेट पर 347 रन का विशाल स्कोर बनाया। समीर मिन्हास ने 113 गेंदों में 17 चौकों और नौ छक्कों की मदद से 172 रन की तूफानी पारी खेली। यह टूर्नामेंट में उनका दूसरा शतक रहा, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। अहमद हुसैन ने 56 रन का योगदान दिया और दोनों के बीच हुई शतकीय साझेदारी ने पाकिस्तान को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम तेज शुरुआत के बावजूद 26.2 ओवर में 156 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। अली रजा ने 42 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सय्याम और अब्दुल सुभान ने दो-दो विकेट चटकाए। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने हार के लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। वहीं पाकिस्तान के कप्तान फरहान यूसुफ ने कहा कि टीम ने लीग चरण की हार से सीख लेकर फाइनल में सामूहिक प्रदर्शन के दम पर जीत हासिल की।

## चेप्टेगेई और अज़ीमेरा ने विश्व 25के कोलकाता दौड़ जीती, गुलवीर और सीमा ने भारतीय रिकॉर्ड बनाया

**कोलकाता:** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगेई ने रविवार को यहां 10वीं टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता पुरुष दौड़ में जीत हासिल की, जबकि गुलवीर सिंह और सीमा ने नया भारतीय कोर्स रिकॉर्ड बनाया। इथियोपिया की डेगिटु अजीमेरा ने मौजूदा चैंपियन सुतुमे असेफा केबेडे को हराकर अंतरराष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग की दौड़ जीती। दो बार के ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगेई ने शुरुआत में ही दबदबा बना दिया था। उन्होंने 1:11:49 (एक घंटा, 11 मिनट और 49 सेकेंड) का समय लेकर पहली बार यह प्रतियोगिता जीती। तंजानिया के अल्फोंस फेलिक्स सियुम्बु (1:11:56) दूसरे और लेसोथो के टेबेलो रामाकोंगोआना (1:11:59) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में अज़ीमेरा शुरू से अंत तक आगे रहीं। उन्होंने 1:19:36 का समय लेकर




पहला स्थान हासिल किया। इथियोपिया की ही सुतुमे असेफा केबेडे 1:20:28 के समय के साथ दूसरे और उनकी हमवतन मेसेलेच अलेमायेहू 1:20:48 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय खिलाड़ियों में गुलवीर ने 1:12:06 का समय लेकर अपने ही भारतीय कोर्स रिकॉर्ड में दो मिनट से अधिक का सुधार किया। उन्होंने 2024 में बनाए गए 1:14:10 के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। हरमनजोत सिंह (1:15:11) दूसरे और सावन बरवाल (1:15:25) तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एलीट महिला वर्ग में सीमा ने 1:26:04 का समय निकालकर 2017 में सूर्या एल के बनाए गए 1:26:53 समय के भारतीय कोर्स रिकॉर्ड को तोड़ा। संजीवनी झाडव 1:30:34 के समय के साथ दूसरे जबकि निर्मबेन ठाकोर 1:32:02 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

## शुभंकर शर्मा मॉरीशस ओपन में 32वें स्थान पर रहे; शापर ने प्ले-ऑफ में खिताब जीता

**पोर्ट लुईस (मॉरीशस):** शुभंकर शर्मा अफ्रोएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के अंतिम दिन रविवार को यहां तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर रहे। उन्होंने टूर्नामेंट में 74-69-71-69 के कार्ड के साथ कुल पांच अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने छह बर्डी और एक ईगल के मुकाबले तीन बोगी और एक डबल बोगी की। दक्षिण अफ्रीका के जेडन शापर ने दूसरे प्ले-ऑफ होल में चिप-इन ईगल लगाकर शानदार प्रदर्शन किया और अमेरिका के रेयान जेरार्ड को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया।



## दिल्ली हवाई अड्डा घटना: एआई एक्सप्रेस ने पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी किया




**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया एक्सप्रेस शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर उसके एक कैप्टन द्वारा एक यात्री पर कथित रूप से हमला किए जाने की घटना की जांच के लिए अगले सप्ताह एक बाहरी समिति का गठन करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। घटना के समय उक्त कैप्टन ड्यूटी पर नहीं थे। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि घटना के तुरंत बाद टाटा समूह की इस एयरलाइन ने पायलट को निलंबित कर दिया और उनसे स्पष्टीकरण मांगते हुए एक कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पायलट श्रमिक श्रेणी में आते हैं, इसलिए यह कार्यवाही श्रम कानूनों के तहत की जा रही है। घटना की जांच के लिए अगले सप्ताह एक बाहरी जांच समिति गठित की जाएगी। यह घटना शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 (टी1) पर हुई। यात्री अंकित दीवान ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपने अनुभव को साझा किया था और झड़प के बाद उनके चेहरे पर खून लगे होने की एक तस्वीर भी पोस्ट की थी। उन्होंने पायलट वीरेंद्र सेजवाल की एक तस्वीर भी साझा की थी। नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने इस घटना को गंभीरता से लिया है और एयरलाइन को निर्देश दिया कि पायलट को तत्काल प्रभाव से काम से हटा दिया जाए। मंत्रालय ने दीवान की पोस्ट के जवाब में एक्स पर कहा, 'औपचारिक जांच के आदेश दिए गए हैं। बीसीएएस और सीआईएसएफ से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।'

## सीतारमण ने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए शासन प्रणाली को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया

**विजयनगर (कर्नाटक):** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के वित्तपोषण ढांचे को मजबूत करने, शासन ढांचे को सरल बनाने और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में तेजी लाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के विजयनगर जिले में वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के 'चिंतन शिविर' की अध्यक्षता की। दिनभर चले विचार-विमर्श में नीतिगत सोच को विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करने पर जोर दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने वित्तीय बाजारों को मजबूत करने, व्यापार करने में आसानी लाने और शासन में उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के उपायों पर चर्चा की, साथ ही निरीक्षण और जवाबदेही को बनाए रखने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। सीतारमण ने कार्यक्रम के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, चिंतन शिविर उच्च स्तरीय सोच का मंच प्रदान करता है, जिसे नीतियों में बदलकर भारत को विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से ले जाया जा सकता है। चिंतन शिविर केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में आयोजित किया गया और इसमें वित्त मंत्रालय तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। चर्चाओं को तीन प्रमुख समूह विकसित भारत के लिए वित्तीय प्रबंधन, विकसित भारत के लिए व्यापार में सुगमता, और विकसित भारत के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) में बांटा गया। प्रत्येक समूह ने विस्तार से विचार-विमर्श कर अपने सुझाव दिए।

# 2026-27 में आवास ऋण बही 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद: एसबीआई

**नयी दिल्ली:** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का आवास ऋण पोर्टफोलियो मजबूत मांग और कम ब्याज दर व्यवस्था के कारण अगले वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर सकता है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि इस वक्त बैंक की आवास ऋण बही नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह बैंक की सबसे बड़ी एकल व्यावसायिक इकाई है और कुल परिसंपत्तियों का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ एसबीआई अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 10 लाख करोड़ रुपये के आवास ऋण पोर्टफोलियो के लक्ष्य को हासिल करने की




दिशा में बढ़ रहा है। एसबीआई का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बैंक की आवास ऋण बही 8.31 लाख करोड़ रुपये की थी। इस दौरान सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एसबीआई ने पिछले कई वर्षों के दौरान स्थिर तरीके से अपना आवास ऋण पोर्टफोलियो तैयार किया है। यह आंकड़ा मार्च 2011 में एक लाख करोड़ रुपये से बढ़कर नवंबर 2025 में नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इसके अलावा बैंक लगातार सक्रिय निगरानी के कारण इस खंड में गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को एक प्रतिशत से कम रखने में सफल रहा है।

## वेदांता विभाजन के बाद भी अनिल अग्रवाल ने शेयरधारकों के लिए लाभांश जारी रखने का आश्वासन दिया

**नयी दिल्ली:** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को लाभांश देती रहेंगी। अग्रवाल ने बताया कि समूह अपने विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर के विस्तार कार्यक्रम को जारी रखेगा। धातु से तेल तक के कारोबार वाले वेदांता लिमिटेड का विभाजन प्रत्येक कारोबार को स्वतंत्र पहचान देने, मूल्य उजागर करने और पूंजी निवेश की प्रक्रिया को प्रभावित किए बिना नकद लाभांश जारी रखने के लिए किया जा रहा है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को वेदांता को पांच अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दी। विभाजन के बाद आधार धातु का कारोबार वेदांता लिमिटेड में रहेगा, जबकि वेदांता एल्युमिनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांता इस्पात एवं लौह और माल्को एनर्जी (तेल एवं गैस) अन्य चार सूचीबद्ध कंपनियां होंगी। अग्रवाल ने कहा, लाभांश देना मेरे विचार का हिस्सा है। चाहे कोई भी परिस्थिति हो, हमारी कंपनियां नियमित लाभांश जारी करती रहेंगी। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक प्रति शेयर सात रुपये का पहला अंतरिम लाभांश और 16 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया गया है।

## भारत ने 2025 में दो लाख करोड़ रुपये के निवेश से 50 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता जोड़ी

**नयी दिल्ली:** वर्ष 2025 में प्रमुख वैश्विक शक्तियों ने नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर कम किया, जबकि इस दौरान भारत ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया। इस दौरान भारत की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आने लगा। उसने यह लक्ष्य पेरिस समझौते के तहत तय 2030 की समयसीमा से पांच साल पहले हासिल कर लिया। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता अब करीब 510 गीगावॉट हो गई है, जिसमें 247 गीगावॉट जीवाश्म ईंधन आधारित और 262 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से है। गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों में 254 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा से है। भारत ने 2025 में लगभग 50 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी, जिसके लिए करीब दो लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया। इससे देश की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता लगभग 262 गीगावॉट तक पहुंच गई।

## विदेशी निवेशकों का रुख, डॉलर की चाल, व्यापक आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा



**नयी दिल्ली:** विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां, डॉलर की चाल और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि छुट्टियों के कारण छोटे सप्ताह में शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर सकते हैं। एक विशेषज्ञ ने कहा कि क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के कारण कई वैश्विक बाजारों में सुस्त गतिविधि देखने को मिल सकती है। घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को क्रिसमस के अवसर पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह साल के अंत के त्योहारी दौर से कारोबार सीमित रह सकता है। घरेलू स्तर पर बाजार अवसंरचना क्षेत्र के आंकड़ों के साथ ही बैंक ऋण वृद्धि, जमा वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े आंकड़ों पर नजर रखेंगे। मुद्रा की चाल और कच्चे तेल की कीमतें भी अहम कारक बनी रहेंगी। वैश्विक स्तर पर प्रमुख बाजारों, विशेषकर अमेरिका के प्रदर्शन पर नजर रहेगी।' ऑनलाइन शेयर कारोबार मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुदी आर ने कहा कि मजबूत घरेलू नकदी गहरे नकारात्मक जोखिमों से बचाव का काम कर रही है, वहीं अगर विदेशी निवेशकों की वापसी होती है तो बाजार में तेजी का अगला दौर देखा जा सकता है।

## न्यूज अपडेट

### एनएचपीसी मंगलवार को सुवनसिरी परियोजना की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक संचालन चालू करेगी

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएचपीसी मंगलवार को 2,000 मेगावाट क्षमता वाली सुवनसिरी निचली जलविद्युत परियोजना की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक संचालन शुरू करेगी। इसकी लागत लगभग 27,000 करोड़ रुपये है। एनएचपीसी अरुणाचल प्रदेश और असम की सीमा पर उत्तरी लखीमपुर के पास आठ गुणा 250 मेगावाट क्षमता वाली इस जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही है। यह भारत में अब तक की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना है और यह एक 'रन-ऑफ-रिवर' परियोजना है। यानी नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बदले बिना पानी सीधे टरबाइन से होकर गुजरता है और बिजली पैदा होती है। एचएचपीसी ने कहा, 'सुवनसिरी निचली जलविद्युत परियोजना की इकाई दो (250 मेगावाट) का वाणिज्यिक संचालन 23 दिसंबर 2025 की आधी रात से चालू होगा।'

### स्वदेशी स्टार्टअप दिगांतारा ने अंतरिक्ष से मिसाइलों की निगरानी के क्षेत्र में कदम रखा

**नयी दिल्ली** : अंतरिक्ष क्षेत्र में सक्रिय भारतीय स्टार्टअप कंपनी दिगंतारा ने उपग्रहों के जरिए मिसाइलों का पता लगाने और उनकी निगरानी करने के क्षेत्र में कदम रखा है। अंतरिक्ष मलबे और अंतरिक्ष यातायात की निगरानी वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरी है। कंपनियां उच्च गति वाले इंटरनेट और पृथ्वी अवलोकन अनुप्रयोगों के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में अधिक उपग्रहों का प्रक्षेपण कर रही हैं। दिगंतारा इंडस्ट्रीज के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनिरुद्ध शर्मा ने कहा, हम अंतरिक्ष में तेजी से गतिमान वस्तुओं पर नजर रख रहे थे। इसी अनुभव और सीख का उपयोग हम मिसाइलों का पता लगाने और अंतरिक्ष से उनकी निगरानी के लिए करने वाले हैं। कंपनी 'एससीओटी' नामक एक व्यावसायिक अंतरिक्षनिगरानी उपग्रह संचालित करती है, जिसे जनवरी 2025 में कक्षा में भेजा गया था और 202627 में अपनी अंतरिक्ष निगरानी क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसे 15 और उपग्रह कक्षा में भेजने की योजना बना रही है।

### बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल और पाम-पामोलीन के भाव में गिरावट

**नयी दिल्ली** : बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में ऊंचे भाव के कारण मांग प्रभावित रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन तथा लागत से कम दाम पर बिकवाली होने से सोयाबीन तेल तथा सर्दी में मांग प्रभावित रहने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट रही। दूसरी ओर, सर्दी में सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग बढ़ने से सोयाबीन तिलहन तथा अच्छी गुणवत्ता वाले मूंगफली की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम होने के कारण सरसों में लिवाली कमजोर है। इससे कारोबारी धारणा भी प्रभावित हुई है। सरसों की बड़ी मिलें दामों में उतार-चढ़ाव पैदा करने में लगी हैं जिससे तेल की छोटी मिलों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को सरसों की आगामी फसल की खरीद करने के मकसद से अपने पहले के स्टॉक को खाली करने की ओर ध्यान देना होगा। सूत्रों ने कहा कि कमजोर हाजिर दाम होने की वजह से किसान बाजार में आवक कम ला रहे हैं। दूसरा, सर्दियों में सोयाबीन डीओसी की मांग सामान्य तौर पर बढ़ जाती है। इन वजहों से समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तिलहन के दामों में सुधार आया उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, आयातकों द्वारा निरंतर लागत से कम दाम पर बिकवाली करने से सामान्य कारोबारी धारणा प्रभावित रहने के कारण बीते सप्ताह सोयाबीन तेल के दाम में गिरावट रही। वैसे सोयाबीन के हाजिर दाम एमएसपी से लगभग 14-15 प्रतिशत नीचे हैं और हल्के तेलों (साफ्ट आयल) में यह सबसे सस्ता है। घाटे के कारोबार के लंबे सिलसिले के कारण दिसंबर में सोयाबीन तेल का आयात कम हुआ है और आने वाले महीनों में यह और कम होने की संभावना है।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3450 अंक 260, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in